

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 14 अंक 53 | उज्जैन मंगलवार 1 अगस्त 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

आपकी अच्छाई आपकी पहचान है ,वरना आपके नाम के हज़ारों इंसान है..।

## न्यूज ब्रीफ

### सिसोदिया ने कोर्ट को बताई दिक्कत; कहा, पत्नी के इलाज और जरूरी खर्च के लिए भी पैसे नहीं

**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को मनीष सिसोदिया की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता ने अपने अकाउंट से पैसों की निकासी के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा है कि पत्नी के इलाज और घर के खर्चों के लिए उन्हें पैसों की आवश्यकता है, लेकिन ईडी की ओर से लगाए गए रोक की वजह से वह निकासी नहीं कर पा रहे हैं। ईडी ने उनके अकाउंट को जब्त कर लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ईडी को नोटिस जारी किया। सिसोदिया की याचिका पर अगली सुनवाी 4 अगस्त को होगी। बैंक ने कोर्ट के लिखित आदेश के बिना निकासी से इनकार कर दिया, जिसके बाद सिसोदिया ने यह अनुमति मांगी है। सिसोदिया की तरफ से उनके वकील मोहम्मद इरशाद ने कहा कि बैंक उन्हें रकम निकासी की अनुमति नहीं दे रहा है जोकि इलाज और दूसरे खर्चों के लिए जरूरी है। इस बीच कोर्ट ने सीबीआाी को निर्देश दिया कि शेष आरोपियों को दस्तावेज सौंपे जाएं। कोर्ट को बताया कि दस्तावेज पहले ही कुछ आरोपियों को दिए जा चुके हैं।

### ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे, तो विवाद होगा, योगी ने पूछा; वहां त्रिशूल-मूर्तियां क्यों, स्वामी प्रसाद मौर्य का पलटवार

**लखनऊ/जीएनएस।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी और काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद को लेकर अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि यदि हम ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे, तो विवाद होगा। मुझे लगता है कि भगवान ने जिसको दृष्टि दी है, वह देखे न। त्रिशूल आखिर मस्जिद के अंदर क्या कर रहा है। हमने तो नहीं रखे हैं न, ज्योतिर्लिंग हैं और देव प्रतिमाएं हैं। ज्ञानवापी की दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं। मुझे लगता है कि यह प्रस्ताव मुस्लिम समाज की ओर से आना चाहिए कि ऐतिहासिक गलती हुई है और उसका समाधान होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं बीते सवा छह साल से उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। इस दौरान प्रदेश में एक भी दंगा तो नहीं हुआ। बड़ी-बड़ी बातें करने वाले देखें तो कैसे चुनाव होते हैं।

### विपक्षी गठबंधन को यूपीए ही कहेगी बीजेपी, पार्टी सूत्रों ने कहा, इंडिया नाम पर हमला करने से बचेंगे सत्ताधारी नेता

**बंगलुरु/जीएनएस।** बंगलुरु में हुई विपक्षी बैठक में तय हुआ था कि गठबंधन का नया नाम इंडिया यानी इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस होगा। कुछ दिनों तक केंद्र सरकार के नेताओं ने इस नाम पर निशाना भी साधा, लेकिन अब सूत्रों के हवाले से खबर है कि बीजेपी के नेता विपक्षी गठबंधन को इंडिया नाम से नहीं पुकारेंगे। पार्टी ने तय किया है कि विपक्षी गठबंधन को यूपीए के पुराने नाम से ही पुकारा जाएगा। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक विपक्ष ने जानबूझकर इंडिया नाम रखा, ताकि पुराने कारनामों पर पर्दा डाला जा सके और जनता के मन से यूपीए की छवि को भुलाया जा सके, लेकिन बीजेपी जनता को कांग्रेस पर लगे आरोपों के बारे में बताती रहेगी, इसीलिए विपक्ष को यूपीए के नाम से ही बुलाया जाएगा।

# एक वर्ष में 1 लाख सरकारी पदों पर होगी भर्ती, अभी तक 60 हजार पदों पर नियुक्ति-मुख्यमंत्री चौहान

**शासकीय सेवा का अर्थ है, जनता की सेवा और प्रदेश-देश का विकास ››मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदान किए श्रम, आबकारी और सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एक वर्ष में 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती होगी, जिसमें से लगभग 60 हजार पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है। प्रदेश की जनता मेरा परिवार है और मैं सरकार को परिवार की तरह ही चलाने का प्रयास करता हूँ। गरीब और मजदूर हमारे लिए भगवान हैं। शासकीय सेवा में आपका चयन उनकी सेवा के लिए हुआ है। गरीब और मजदूर को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, उन्हें काम का स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री चौहान आबकारी, श्रम और सहकारिता विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने निवास कार्यालय पर कार्यक्रम का दीप प्रज्?ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने नवनियुक्त शासकीय सेवकों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए और शुभकामनाएँ दीं।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पिछली 15 अगस्त पर मैंने एक साल में एक लाख पदों पर भर्ती की बात कही थी। यह भर्ती अभियान निरंतर जारी है। अब तक 60 हजार लोगों को नियुक्ति दी जा चुकी है। आज की नियुक्तियां भी इसमें शामिल हैं। हमारी प्रतिबद्धता रही है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और मेरिट के आधार पर शासकीय सेवा में भर्तियां हों। आप सबका चयन मेरिट के आधार पर हुआ है, अत- आप सब बधाई के पात्र हैं। शासकीय सेवा में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन आपके माध्यम से ही होगा। आप इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करें, यही आशीर्वाद और शुभकामनाएँ हैं। ÷मेरी अपेक्षा है कि आप इस भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें कि हम केवल अपने लिए नहीं, अपितु प्रदेश की जनता और प्रदेश के लिए हैं। शासकीय सेवा का अर्थ है, जनता की सेवा और प्रदेश एवं देश का विकास। इसके लिए कर्तव्य और दायित्व का भाव सदैव मन में रहना चाहिए। आप पर ही प्रदेश की प्रगति और विकास निर्भर है। आप पर ही जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन भी निर्भर है÷।

### महत्वूपर्ण हैं सहकारिता, श्रम और आबकारी विभाग के दायित्व

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सहकारिता विभाग सामाजिक सरोकार से संबंधित महत्वपूर्ण विभाग है। विभाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराकर लोगों के और प्रदेश के विकास में योगदान दे रहा है। श्रम विभाग श्रमिकों को काम का स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विशेषकर असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों का शोषण नहीं हो, इस दृष्टि से सतर्क रहना आवश्यक है। आबकारी विभाग की दोहरी जिम्मेदारी है। नशे पर नियंत्रण और अवैध शराब की बिक्री न हो, इसके लिए सदैव चौकन्ना रहना विभाग के कर्मचारियों के लिए आवश्यक है। इस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी संकल्प लें कि अवैध गतिविधियों को संचालित नहीं होने देंगे और राज्य के राजस्व को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। नई आबकारी नीति में अहाते बंद करने का निर्णय लेकर उसका सफल क्रियान्वयन किया गया है। नशे पर नियंत्रण के लिए लोगों की मानसिकता में सुधार और जन-जागरूकता का कार्य भी करना होगा।

### प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश, विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2002-03 में 11 हजार रूपए हुआ करती थी, अब बढ़कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। जीएसडीपी 15 लाख करोड़ और प्रदेश का बजट 3 लाख 15 हजार करोड़ का है। सड़क, पानी, बिजली सहित संपूर्ण अधोसंरचना के क्षेत्र में बहुत सुधार हुआ है। साथ ही सामाजिक सरोकार रखने वाले विभागों में भी संवेदनशीलता के साथ गतिविधियाँ संचालित हैं।

### कुल 741 को नियुक्ति पत्र वितरित

कार्यक्रम में कुल 741 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए। आबकारी विभाग में 340 आबकारी आरक्षकों, सहकारिता विभाग में 347 क्लर्क और कंप्यूटर ऑपरेटर तथा श्रम विभाग में बीमा चिकित्सा पदाधिकारी, फार्मासिस्ट, सहायक ग्रेड 3 और सफाई सेवक के पदों पर कुल 54 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।प्रमुख सचिव सहकारिता उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर मती दीपाली रस्तोगी, आबकारी आयुक्त ओ.पी. वास्तव, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक पी.एस. तिवारी तथा चयनित अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराध 'भयावह', नहीं चाहते राज्य की पुलिस मामले को देखेः न्यायालय





**मणिपुर/जीएनएस।** केंद्र ने 27 जुलाई को शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि उसने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने से संबंधित मामले में जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। केंद्र ने कहा था कि महिलाओं के खिलाफ किसी भी अपराध के मामले में सरकार कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति रखती है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने अपने सचिव अजय कुमार भल्ला के माध्यम से दायर एक हलफनामे में शीर्ष अदालत से मामले की सुनवाई को समय पर पूरा करने के लिए इसे मणिपुर के बाहर स्थानांतरित करने का भी आग्रह किया है। मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने के वीडियो को सोमवार को ÷भयावह÷ करार देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने में हुई देरी की वजह पता लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा अदालत ने जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की समिति या फिर विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का सुझाव दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने जातीय हिंसा से संबंधित लगभग 6,000 मामलों में राज्य द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट मांगी और कहा कि मणिपुर पुलिस को इन खबरों के मद्देनजर अपनी जांच जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है कि पुलिसकर्मियों ने ही महिलाओं को भीड़ के हवाले कर दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने पूछा कि राज्य की पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने में 14 दिन क्यों लगे। पीठ ने कहा कि वह इस बात से हैरान है कि मीडिया में कई बातें सामने आने के बावजूद मणिपुर सरकार के पास आज भी तथ्य नहीं हैं। पीठ ने पूछा, ÷पुलिस क्या कर रही थी? वीडियो मामले से संबंधित प्राथमिकी दर्ज होने के एक महीने और तीन दिन बीतने के बाद 24 जून को मजिस्ट्रेट अदालत को क्यों भेजी गई?÷ पीठ ने कहा, ÷यह भयावह है। मीडिया में खबरें आई हैं कि पुलिस ने इन महिलाओं को दंगाई भीड़ के हवाले कर दिया था। हम नहीं चाहते कि पुलिस इस मामले को संभाले।÷ अदालत ने पूछा कि घटना के तुरंत बाद प्राथमिकी दर्ज करने में क्या बाधा थी? अदालत ने कहा कि वह नहीं चाहती की राज्य की पुलिस मामले की जांच करे क्योंकि उन्होंने महिलाओं को वस्तुत- दंगाई भीड़ को सौंप दिया था।

## पूनावाला ने श्रद्धा के पिता को बताया था कि उसने अपने हाथों से उसका गला घोंटा था

**नईदिल्ली/जीएनएस।** विकास ने जनवरी 2020 में पत्नी की मृत्यु के बाद पहली बार पूनावाला से मिलने के बारे में भी बताया, जब श्रद्धा आरोपी को मुंबई में अपने पिता के घर ले आई थी। जब परिवार ने 2019 में पूनावाला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के श्रद्धा के फैसले का विरोध किया, तो पीड़िता ने कहा, 25 वर्षीय महिला होने के नाते, वह अपने फैसले खुद लेने में सक्षम है और उसके पिता यह मान सकते हैं कि अब से वह उनकी बेटी नहीं रहेगी। पीड़िता के पिता से पूछताछ पांच अगस्त को भी जारी रहेगी। आपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के अनुसार, अभियोजन पक्ष के मामले के समर्थन में सरकारी अभियोजक द्वारा गवाहों की जांच की जाती है, और इसके बाद बचाव पक्ष के वकील गवाहों से जिरह करते हैं।

श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड के मुख्य आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने पीड़िता के पिता को इस बात की जानकारी दी थी कि उसने 'अपने हाथों' से उनकी बेटी का 'गला घोंटा' था। पीड़िता के पिता ने सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में गवाही के दौरान इसकी जानकारी दी। अदालत सनसनीखेज हत्या मामले में गवाहों के बयान दर्ज कर रही है।



## दिल्ली अध्यादेश की जगह लेने वाले बिल में केंद्र ने क्या अहम बदलाव किए,आप को इससे दिक्कत क्यों

**नईदिल्ली/जीएनएस।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 के रूप में चर्चित दिल्ली सेवा विधेयक को 1 अगस्त को संसद में पेश किया जाएगा और यह मौजूदा अध्यादेश की जगह लेगा जो दिल्ली सरकार को अधिकांश सेवाओं के नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द कर देगा। यह अध्यादेश अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और केंद्र के बीच एक प्रमुख टकराव का मुद्दा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिससे उसे सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि और पुलिस मामलों को छोड़कर, राजधानी शहर में अधिकांश सेवाओं पर नियंत्रण मिल गया था। 19 मई को केंद्र ने शीर्ष अदालत के आदेश को रद्द करने के लिए एक अध्यादेश पेश किया, जिसने दिल्ली में निर्वाचित सरकार को नौकरशाहों के



स्थानांतरण और नियुक्तियों को संभालने का अधिकार दिया था। बिल में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, तीन प्रावधान जो अध्यादेश का हिस्सा थे, उन्हें विधेयक से हटा दिया गया है।

### धारा 3ए को हटाया गया

विधेयक अध्यादेश में उस प्रावधान को हटा दिया गया है जो पहले दिल्ली विधानसभा को%राज्य लोक सेवाओं और राज्य लोक सेवा आयोग से संबंधित कानून बनाने से रोकता था। अध्यादेश के जरिए जोड़ी गई धारा 3ए में कहा गया है कि दिल्ली विधानसभा के पास सेवाओं से संबंधित कानून बनाने की शक्ति नहीं होगी। इसे अब बिल से बाहर कर दिया गया है. इसके बजाय, बिल अब अनुच्छेद 239 पर केंद्रित है, जो केंद्र को राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) स्थापित करने का अधिकार देता है।

### वार्षिक रिपोर्ट निरस्ड

पहले, एनसीसीएसए को अपनी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट संसद और दिल्ली विधानसभा दोनों को प्रस्तुत करनी होती थी। विधेयक इस दायित्व को समाप्त कर देगा। जिसका अर्थ है कि रिपोर्ट को अब इन विधायी निकायों के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

### नियुक्ति प्रक्रिया में परिवर्तन

विधेयक धारा 45डी के प्रावधानों को कमजोर करता है, जो दिल्ली में विभिन्न प्राधिकरणों, बोर्डों, आयोगों और वैधानिक निकायों के अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित है। यह उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से पहले केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावों या मामलों के संबंध में %मंत्रियों के आदेश/निर्देश की आवश्यकता को हटा देता है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित





**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में सोमवार प्रातः 10.30 बजे समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन 181 पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को समयसीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण के निर्देश दिए गए। विभागों को गंदे पानी की समस्या के संबंध में सभी जल स्त्रोतों में क्लोरिन की गोलियां डालने को कहा गया। समाधान अंतर्गत एक दिवसीय तत्काल सेवा अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त कर तत्काल संतुष्टिपूर्वक निराकरण के निर्देश दिए गए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत समय सीमा से बाह्य लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कृषि एवं कल्याण विकास विभाग को फसलों में इल्ली के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए दवाई का छिड़काव करने को कहा गया। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें। सभी अधिकारी कही पर भी हॉस्टल विजिट के लिए जाते हैं तो जो बच्चे अनुपस्थित हैं चाहे वो छात्र हो या फिर छात्र हॉस्टल अधीक्षक को पता होना चाहिए कि वे कहा गए हैं एवं किसके साथ गए हैं।

कलेक्टर सुश्री हुड्डा द्वारा सीएम हेल्पलाइन के संबंध में सभी अधिकारी अपने प्रतिवेदन बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करे। स्वामित्व योजना अंतर्गत समीक्षा कर सभी तहसीलदार को मैपिंग एवं जियो टैगिंग कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत किसानों के ई केवाईसी करने को कहा गया। इसी के साथ सभी तहसीलदार को फसलों की गिरदावरी पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को समयसीमा में निराकरण के निर्देश दिए। विगत शैक्षणिक सत्र 2022-23 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों को निराकृत करने को कहा गया। खाद्य विभाग को अधिक से अधिक खाद्यान्न वितरण करने को निर्देशित किया गया। दस्तक अभियान अंतर्गत चाइल्ड स्क्रीनिंग एवं एनीमिया की समीक्षा की गई। सुश्री हुड्डा द्वारा कहा गया कि सभी जगह मलेरिया से बचाव हेतु दवाई का छिड़काव करे, खुली जगह एवं गड्ढों पर पानी एकत्रित ना होने दे एवं अन्य उपाय किए जाएं।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेखा राठौर, अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर विश्वकर्मा, अनिल राठौर एवं मुकेश परमार, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आशा परमार एवं सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## म.प्र गुजराती सेन समाज ट्रस्ट एवम् संगठन का विस्तार श्री भाटी युवा संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.प्र गुजराती सेन समाज संगठन (परिवार) का विस्तार प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान (सागोर), प्रदेश संयोजक संतोष वर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक राठोर (घुडावन), केबिनेट मंत्री व प्रदेश संरक्षक नंदकिशोर वर्मा तथा युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, जिला अध्यक्ष एवम् प्रदेश समन्वय समिति सदस्य जगदीश देवड़ा, सामुहिक विवाह समिति अध्यक्ष कैलाश चौहान (देपालपुर) व सभी ट्रस्टियो की अनुशंसा और सहमति से म.प्र गुजराती सेन समाज संगठन मे भरत भाटी (बडनगर) को युवा संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

उक्त मनोनयन पर केश शिल्पी एसोसिएशन अध्यक्ष एवं सेन युवा संगठन सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री भाटी को बधाईयां प्रेषित की । उक्त जानकारी पूर्व केश शिल्पी अध्यक्ष मनोज चौहान ने दी।

## सार समाचार

### ग्राम पंचायत खजूरी में कलश यात्रा निकाली गई





**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**ग्राम पंचायत खजूरी में कलश यात्रा निकाली गई पद्मावती नदी से जल भरकर ग्राम खजुरी बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई उसमें जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया 5 किलोमीटर पैदल चलकर बीड महुडीपाड़ा अंबे माता मंदिर पर समापन की गई जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल जसवंतसिंह भाबर संगठन मंत्री जसवंत सिंह भाबर जनपद सदस्य मुकेश भाबर खजूरी सरपंच रुसमाल मईडा ग्राम खजूरी के पटेल सावनसिंह भाबर अनिल भाबर ग्राम सभा अध्यक्ष राहुल सारेल करण भाबर ने समस्त ग्राम वासियों ने जोरदार फूल मालाओं से स्वागत किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्वाचन के संबंध में बैठक आयोजित





**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में निर्वाचन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुश्री हुड्डा द्वारा बताया गया कि ईवीएम मशीन का गाड़ी से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। कोई भी अनावश्यक रूप से मतदाता सूची में नाम जोड़ने व हटाने के लिए दबाव ना बनाए।

एक्कुअल वोटर्स की जानकारी ही लिस्ट में दर्ज होना चाहिए । कोई भी मतदाता लिस्ट से छूटे नहीं। सभी सेक्टर अधिकारी एवं बीएलओ की मीटिंग लें। एक-एक पोलिंग बूथ चेक करे। सभी पोलिंग बूथों पर उचित व्यवस्था होना चाहिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेखा राठौर, अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर विश्वकर्मा, अनिल राठौर, मुकेश परमार उपस्थित एवं निर्वाचन सुपरवाइजर प्रकाश सिंगाड़िया एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध मादक पदार्थ अफीम तथा डोडा चुरा के तस्कर को आलोट पुलिस ने किया गिरफ्तार



**आलोट/ राकेश चोहान /दैनिक मालवा हेराल्ड।** रतलाम पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय रतलाम श्री सिद्धार्थ बहुगुणा भारतीय पुलिस सेना श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राकेश खा खा के मार्गदर्शन में एसडीओपी आलोट सुश्री सवेरा अंसारी के निर्देश किया गया तथा जिस पर थाना प्रभारी आलोट श्री शिवमंगल सिंह सेंगर द्वारा टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए दिनांक 30/7/2023 को विश्वसनीय सूचना के आधार पर आलोट थाना क्षेत्र के दूधिया फंटे ताल आलोट रोड पर नाकाबंदी करते अवैध मादक पदार्थ अफीम का डोडा चुरा के तस्कर गोपाल सिंह निवासी इंदौर तथा उसके साथी आरोपी किशोर पाटीदार निवासी पिपलिया सिसोदिया स्विफ्ट कार से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा लेकर जा रहे थे जो भागने का प्रयास किया तो कार स्विफ्ट डिजायर क्रमांक एमपी 09 2ड्ड 1601 पलटी खाने पर क्षतिग्रस्त हो गई आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 550 ग्राम अफीम चार प्लास्टिक के कट्टों में 60 किलो डोडा चूरा जब तक किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा पिपलिया सिसोदिया निवासी पाटीदार पाटीदार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 510/2023 धारा 08/ 15,08/18 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दोनों आरोपियों की निशानदेही में दशरथ पाटीदार तथा हरीश पाटीदार को गिरफ्तार किया आरोपियों का क्क्र प्राप्त कर पूछताछ कर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी मादक पदार्थ से मुक्त करने हेतु पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

**गिरफ्तारी आरोपी**

1)गोपाल सिंह पिता राम सिंह उम्र 40 साल निवासी न्यू गोरी नगर इंदौर थाना हीरा नगर जिला इंदौर

2)किशोर पिता भरत राम पाटीदार उम्र 35 साल निवासी पिपलिया सिसोदिया थाना आलोट

3)दशरथ पाटीदार पिता बगदीराम पाटीदार उम्र 35 साल निवासी पिपलिया सिसोदिया

हरीश उर्फ हरीवल्लभ पिता सत्यनारायण पाटीदार उम्र 27 साल निवासी पिपलिया सिसोदिया

**जब सामग्री**

अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा 60 किलोग्राम कीमत एक लाख बीस हजार

अवैध मादक पदार्थ अफीम वजन 550 ग्राम कीमत 100000

स्विफ्ट डिजायर कार कीमत 700000

**सराहनीय कार्य**

निरीक्षक शिवमंगल सिंह सिंगर, उप निरीक्षक जोरावर सिंह, उप निरीक्षक कुलदीप दबीं,

आरक्षक राजेश चौधरी, शक्ति पाल सिंह सिसोदिया, बाबूलाल मालवीय, धीरज सिंह आदिल खान, धर्मेंद्र यादव, अंकित काला, अभिनंदन जगावत, साइबर सेल प्रधान आरक्षक मनमोहन शर्मा ,आरक्षक विपुल भावसार, मयंक व्यास।

### भाजपा नगर मंडल की बैठक आयोजित हुई





**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा नगर मंडल की बैठक जिला कार्यालय पर सोमवार की शाम को सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर, जिला महामंत्री कैलाश कुंभकार, ओम मालवीय,संतोष गोयल, मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश परमार, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा,अशोक प्रजापत, महेश चौहान, आदि उपस्थित थे।व अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष सौंलकी ने की। बैठक में संत रविदास समरसता यात्रा, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, सहित आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तैयारी को लेकर एवं घर घर लाडली बहना को पिले चावल देकर आमंत्रित किया जाएगा। और आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री उमेश जादम ने किया व आभार महामंत्री रवि फरन्ड ने माना।

# जनजातीय कार्य विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही से शुरू हो चुका है कन्या छात्रावास पिटोल

**छात्राओं के संस्था में आगमन पर तिलक लगाकर स्वागत किया**






**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीनियर जनजातीय कन्या छात्रावास पिटोल की अधीक्षिका के चिकित्सा अवकाश पर होने एवं अन्य महिला कर्मचारियों द्वारा चार्ज नही लिए जाने से छात्राओं को छात्रावास की सुविधा का लाभ नही मिलने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन द्वारा 28 जुलाई को तन्वी हुड्डा कलेक्टर झाबुआ के निर्देशानुसार श्रीमती निशा मेहरा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने जाँच दल गठित किया गया। जिसमें जय वैरागी मंडल संयोजक झाबुआ, दिपेश सोलंकी मंडल संयोजक मेघनगर तथा इंदिरा गुंडिया उच्च माध्यमिक शिक्षक पिटोल को सम्मिलित किया गया। गठित जांच दल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए छात्रावास में अन्य महिला अधिक्षिका को तत्काल अस्थाई प्रभार उपलब्ध करवाते हुए समस्त आवश्यक व्यवस्था समक्ष में सुनिश्चित करवाई गई। छात्राओं को छात्रावास में तत्काल निवास हेतु समक्ष में अवगत करवाया जाकर, छात्राओं को निवास की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। छात्राओं के संस्था में आगमन पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा इस त्वरित कार्यवाही के लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया । सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जांच दल की रिपोर्ट अनुसार दोषियों पर पृथक से कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

# नाले में बहे युवक की मिली लाश

**( NDRF और पुलिस कर रही थी सर्चिंग)**



**धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदनावर के कानवन थाना क्षेत्र के ग्राम मुरड़का में शुक्रवार दोपहर नाला पार करते समय तेज बहाव में युवक बह गया था। इस युवक का रविवार सुबह पता चला। घटना स्थल से करीब 4 किमी दूर युवक का शव मिला है। शव फूल कर ऊपर आ गया। इसे लोगों ने बाहर निकाला। शुक्रवार दोपहर में युवक गांव के नाले को पार करते समय पानी में बह गया था।

युवक का नाम विजय पिता गिरधारी मालवीय (20) बताया गया है। शुक्रवार दोपहर में हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए थे। युवक विजय नाले को पार करने के लिए पहुंचा था। इस बीच जैसे बनाना पार कर रहा था पानी के तेज बहाव में वह बह गया। हालांकि काफी देर तक पानी में तैरने का प्रयास भी किया, लेकिन कुछ देर बाद हिम्मत हार गया और वह बह कर चला गया।कल दिन भर कानवन पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने उसकी दूर-दूर तक खोज की, लेकिन पता नहीं चला। रविवार सुबह दिखाई देने पर बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए बदनावर अस्पताल पहुंचाया। कानवन पुलिस ने मर्ग कायम किया है।कानवन थाना प्रभारी रामसिंह राठौर ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में युवक नाला पार करते हुए बह गया था। उसकी 2 दिनों से एनडीआरएफ टीम की मदद से खोज की जा रही थी। वह आज मृत अवस्था में नदी में मिला है। जिसका पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

### ब्राह्मणखेड़ी के पटेल दशरथ शर्मा को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के जिला अध्यक्ष बनाया गया

**म.प्र.मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चोहान व प्रदेश अध्यक्ष राहुल जी शर्मा के अनुशंसा पर दशरथ पटेल को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के जिला अध्यक्ष बनाया गया**





**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरोद जनपद सदस्य पटेल दशरथ शर्मा खाचरोद क्षेत्र के गाँव ब्राह्मणखेड़ी वाले को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के जिला अध्यक्ष बनाया गया इस अवसर मंडल अध्यक्ष अजयसिंह जिला पंचायत सदस्य गजेंद्रसिंह धर्मेंद्र महामंत्री सत्यनारायण पाटीदार गजेंद्रसिंह सरपंच संघ के अध्यक्ष रिंकू बना खंडवा चैनसिहं गुर्जर लखन गुर्जर विनोद गुर्जर पुरनसिहं व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे पुर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत के उपस्थिति में हुआ? खाचरोद जनपद पंचायत के अपने वार्ड 1 के लिए कई कार्य के लिए मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे

***आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 2 अगस्त को आगर मालवा जिले में महिला सम्मेलन, विकास पर्व एवं हितग्राहियों को हितलाभ वितरण हेतु प्रस्तावित भ्रमण कार्य म को लेकर सभी व्यवस्थाएं किए जाने हेतु कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिला अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।***

जारी आदेशानुसार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर को बनाया है। कानून एवं यातायात व्यवस्था अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एनएस सिसोदिया एवं एसडीएम आगर सत्येंद्र बैरवा को सौंपी गई है।

हेलीपैड संबंधी व्यवस्था एसडीएम सुसनेर सुश्री किरण बरवड़े तथा बैजनाथ मंदिर दर्शन संबंधी सभी व्यवस्थाएं तहसीलदार सुसनेर प्रेम शंकर पटेल को सौंपी गई है। समरसता यात्रा संबंधी दायित्व प्रीति भीसे तहसीलदार बड़ोद, जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग आशा चौहान, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद प्रेम सिंह चौहान को सौंपी गई है।

इसी तरह रोड-शो संबंधी व्यवस्थाओं के लिए डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव को नोडल अधिकारी बनाया है तथा व्यवस्थाओं के लिए जिला परिवहन अधिकारी जया बसावा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग पीके परमार, सहायक प्रबंधक मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन विनीत बोरियाले, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राउत, प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हितेंद्र सिंह तोमर, श्रम निरीक्षक शुभम राठौर, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास मनीषा चौबे को दायित्व सौंपा गया है।

मंच पर हितलाभ वितरण, भूमि पूजन एवं लोकार्पण संबंधी व्यवस्था हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। तथा नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य करने हेतु जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग पीके दोराया, जिला ई गवर्नेंस मैनेजर लाखन सिंह की ड्यूटी लगाई है। मंच व्यवस्था एसडीएम सत्येंद्र बेरवा एवं नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चौरमा को सौंपी गई है, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा वांछित जानकारी एवं विभागीय जानकारी भेजने हेतु प्रभारी जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी पीएस मालवीय को दायित्व सौंपा गया है।

मंच पर कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन संबंधी व्यवस्था का दायित्व महिला बाल विकास विभाग की सहायक संचालक भारती अवास्या एवं सहायक संचालक रीना शर्मा को सौंपा गया है। पांडाल व्यवस्था एवं संपूर्ण बैठक व्यवस्था के लिए डिप्टी कलेक्टर मनीषा कौल को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए मार्गदर्शन में कार्य करने हेतु तहसीलदार निर्वाचन शाखा डीके सोनी, सहायक मत्स्य अधिकारी राम सिंह रजक, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा डॉ.एचव्ही त्रिवेदी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अभिषेक यादव, उपायुक्त सहकारिता सुनीता गोठवाल, प्रभारी महाप्रबंधक जिला उद्योग विभाग मेघा सुमन की ड्यूटी लगाई है।

बेरीकेटिंग व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जीपी उस्परिया तथा अनुविभागीय अधिकारी वन मंडल शाजापुर जेएस मुवेल द्वारा की जाएगी। निर्बाध विद्युत व्यवस्था का दायित्व अधीक्षण यंत्री वीके मालवीय तथा चिकित्सा एवं भोजन गुणवत्ता व्यवस्था का दायित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश गुप्ता को दायित्व सौंपा। अग्निशमन, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, सड़क मरम्मत एवं अन्य व्यवस्थाएं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण पवन फुल फकीर तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग केएस खत्री द्वारा की जाएगी। फायर एवं आपदा प्रबंधन का दायित्व जिला कमांडेंट होमगार्ड विक्रम सिंह, हेलीकॉप्टर क्रू व्यवस्था प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार अलावे, स्वागत संबंधी समस्त व्यवस्थाएं उप संचालक उद्यानिकी एसके राठौर, कार्यक्रम स्थल पर आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था नायब तहसीलदार भागीरथ नानूराम चौहान तथा मीडिया एवं प्रचार प्रसार संबंधी समस्त व्यवस्थाएं उप संचालक जनसंपर्क द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही प्रोटोकॉल व्यवस्था, पास व्यवस्था, विश्राम गृह, जन सेवा मित्रो के साथ चौपाल आदि व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।

## कलेक्टर ने तैयारियो की समीक्षा की

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सोमवार को जिला अधिकारियों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगर मालवा जिले में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम 2 अगस्त को लेकर सौंपे गये दायित्वों की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों से अब तक की तैयारियों के बारे में चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सभी तैयारियां एक- दूसरे के समन्वय से समय रहते पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों के निर्वहन में किसी प्रकार की कमी नहीं रखें, जो भी कार्य करें व नोडल अधिकारी के संज्ञान में जरूर लाएं। कलेक्टर ने हेलीपैड, जनदर्शन, मंचीय कार्यक्रम आदि तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

# ट्रस्ट वाले खाटू श्याम मंदिर में पुजारी को हटाया, बहाली को लेकर प्रदर्शन, भक्तों ने पकड़े मंदसौर विधायक के पैर

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संजीत रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर के ट्रस्ट द्वारा मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा को पुजारी पद से हटाने के बाद से ही उनके समर्थक पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रह हैं। शनिवार को क्रमिक भूख हड़ताल के बाद सोमवार को पुजारी आशीष शर्मा के समर्थक विधायक यशपालसिंह सिसौदिया के पास पहुंचे और विधायक के पैर पकड़कर पुजारी को बहाल करने की गुहार लगाई। बता दें कि विधायक सिसौदिया खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य भी हैं। श्याम प्रेमियों के इस विनती के बाद विधायक यशपाल सिंह ने खाटू श्याम मंदिर समिति ट्रस्ट से बात करने और कोई बीच का रास्ता निकालने का आश्वासन दिया है।

### पुजारी को हटाए जाने के बाद से ही हो रहा विरोध

उल्लेखनीय है कि मंदसौर शहर के संजीत रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा मंदिर के प्रधान पुजारी आशीष शर्मा को पुजारी पद से हटा दिया था। इसके बाद से ही पुजारी के समर्थन ट्रस्ट से पुजारी को बहाल करने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं।



बीते शनिवार को पुजारी आशीष शर्मा के सेकड़ों समर्थकों ने एक दिन की भूख हड़ताल कर पुजारी के निष्कासन पर विरोध प्रदर्शन किया था। आज के समर्थक विधायक निवास पहुंचे और पुजारी को बहाल करने की गुहार लगाई।

### मंदिर कर्मचारी गृह निर्माण समिति का हिस्सा, कॉलोनी के लोग समिति से बाहर

पुजारी का समर्थन कर रहे श्रद्धालुओं का कहना है की श्री खाटू श्याम मंदिर मंदसौर को जो ट्रस्ट संचालित कर रहा है, वह अवैध रूप से बनाया गया है। चूंकि खाटू श्याम मंदिर कॉलोनी के बगीचे में बना हुआ है और वर्तमान में संचालित ट्रस्ट में सभी लोग कॉलोनी से बाहर के व्यक्ति है। जबकि नियम अनुसार ट्रस्ट में केवल कॉलोनी के लोग ही होने चाहिए। बताया जा रहा है की मन्दिर, कर्मचारी गृह निर्माण समिति का हिस्सा है लिहाजा मंदिर के ट्रस्ट के सदस्य बनने के लिए कालोनी का ही रहवासी होना जरूरी है। इसी लिहाज से अब पुजारी के समर्थक ट्रस्ट को भंग कर कालोनी के रहवासियों शामिल कर नया ट्रस्ट बनाया जाए या मंदिर को शासन के अधीन किया जाए की मांग कर रहे हैं।

## सार समाचार

### सीएमएचओ झोलाछाप डॉक्टरों पर लगातार कार्रवाई करें-कलेक्टर




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि वे झोलाछाप डॉक्टरों पर लगातार कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत 21 से 23 वर्ष की जितनी भी पात्र महिलाएं हैं। उनका जल्द से जल्द फार्म जमा करवाएं। नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिये कि मंदसौर शहर में संचालित जितने भी सांची पार्लर हैं उनका निरीक्षण करें तथा जांच करें कि उन पार्लर पर दूध के अलावा और किस-किस तरह की सामग्री पार्लर से बेच रहे हैं। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

### कालाभाटा बांध स्थल पर स्टाफ]ार्टर का निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु भूमिपूजन किया गया

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा कालाभाटा बांध (अटल सागर) स्थल पर बनने वाले स्टाफक्वार्टर के निर्माण कार्य का सोमवार को भूमिपूजन किया गया। विधायक यशपालसिंह सिसौदिया के मुख्य आतिथ्य व नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला, रेडक्रास चेयरमेन प्रीतेश चावला, सभापति निलेश जैन भी उपस्थित थे। नपा परिषद के द्वारा बनाये जाने वाले इस स्टाफ क्वार्टर का निर्माण लगभग 1200 वर्गफीट भूमि पर होगा तथा इसके निर्माण पर 12.50 लाख रू. लागत आयेगी। इस स्टाफक्वार्टर में चार कक्ष, एक किचन व लेटबाथ बनेंगे।

### जयपुर-मुम्बई ट्रेन में फायरिंग, मंदसौर के भानपुरा निवासी बोहरा समाज के एक व्यक्ति की मौत



**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जयपुर-मुम्बई ट्रेन में सोमवार की सुबह पुलिस कांस्टेबल की गोली लगने से मंदसौर जिले के भानपुरा नगर निवासी बोहरा समाज के एक व्यक्ति की मौत हो गई। वे मोहर्रम के कार्यक्रम में शामिल होकर भानपुरा से मुम्बई जा रहे थे। जानकारी अनुसार 31 जुलाई की सुबह महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन के नजदीक सुबह करीब 5:25 बजे जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन 12956 के कोच बी 5 में कांस्टेबल चेतन कुमार चौधरी, एएसआई टीकाराम मीणा एस्कॉर्ट ड्यूटी पर थे। चेतन ने टीकाराम पर फायरिंग के बाद तीन और यात्रियों को गोली मारी। गोली लगने वाले में भानपुरा निवासी कादर भाई बोहरा उम्र 60 वर्ष पिता मोहम्मद हुसैन बोहरा भी है। इनकी गोली लगने से मौत हो गई। कादर भाई वर्तमान में नालासुपारा मुंबई में निवासरत है। कादर भाई की गोली लगने से मौत होने पर सूचना मिलने पर भानपुरा के बोहरा समाज में मातम छा गया। 30 मिनट के बाद स्टेशन आने वाला था एवं उनको उतरना था। कादर भाई बोहरा उतरने के लिए अपना सामान समेट रहे थे। और यह हादसा हो गया।

### किसान आन्दोलन की धरती पर मुख्यमंत्री को किसानों की बात करने का अधिकार नही- जोकचन्द्र




**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मल्हारगढ़ विधानसभा में किसान आंदोलन की धरती पर मुख्यमंत्री को किसानों की बात करने का कोई अधिकार नही है। भाजपा द्वारा केवल किसानों को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा को चुनाव आते किसानों की याद आ रही है। नैनोरा ग्राम पंचायत के खोखरा गांव में मुख्यमंत्री इस योजना का भूमिपूजन करेंगे, जिस स्थान पर भूमिपूजन हो रहा है, उन गांव व क्षेत्र के किसानों को इस योजना का लाभ ही नही मिल रहा है। यह आरोप मल्हारगढ़ क्षेत्र के कांग्रेस नेता श्यामलाल जोकचन्द्र ने लगाये। वें सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री 2 अगस्त को पिपलिया में दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन करने आ रहे है, जबकि 2013 के विधानसभा चुनाव में मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याक्षी जगदीश देवडा ने घोषणा की थी कि मैं विधायक बनते ही इस योजना को स्वीकृत कर आपके खेतों में पानी पहुंचा दूंगा। उसके बाद 2018 के विधानसभा चुनाव में भी फिर वादा किया लेकिन वह आज दिन तक पूरा नही हुआ है, 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के कुछ माह पहले फिर इसी इसी योजना का भूमिपूजन करने फिर मुख्यमंत्री आ रहे है। एक ही योजना के नाम पर लगातार 15 वर्षो से वोट मांगे जा रहे है, जबकि योजना अभी तक धरातल पर नही है।

### द्रव्य, क्षेत्र, काल, और भाव के निमित्त से कार्य से सब कार्य हुआ करते हैं- आचार्य श्री विद्यासागर जी

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आप लोग दूर-दूर से चलकर आते हो, चाहते हो गुरु जी के दर्शन मिल जाएं तो जीवन सफ़ल हो जाएं। आप हमारी पुजा अर्चना करते हो, मुझे मेरी पुजा करवाना नहीं भाता पर हम आपके निमित्त से हम हमारे गुरु महाराज की पुजा अर्चना कर लेते हैं। द्रव्य,क्षेत्र, काल, भाव के निमित्त से कार्य से सब कार्य हुआ करते हैं। उक्त बातें जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनि राज ने चन्द्रगिरि जैन तीर्थ डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में चल रहे चातुर्मास के दौरान रविवार को अपने उद्बोधन में कहीं। उन्होंने प्रवचन सुन रहे विशाल जनसमूह कि ओर मुखातिब होते हुए प्रश्न पूछा कि आप लोग कोई कार्य किस लिए करते हों? यहां आते हैं तो देव दर्शन करते हो, गुरु दर्शन करते हो तो वह मन भरने या मन लगाने के लिए करते हो? यदि आप मन लगाने के लिए कार्य कर रहे हैं और आपका मन लग गया तो समझों आपका बेड़ा पार हो गया।

## सज्जनता ही व्यक्ति को महान बनाती है मुनिश्री दर्शित सागर



**सिंगोली। (सतीश सैन )/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संसार में सभी जीव दुःखी है और भगवान की पूजा उन दुःखों से छुटने का मार्ग है। आचार्य कहते है कि संसार में कोई भी हो उसे कुछ न कुछ दुःख रहता है। नरक और पशुगति को दुःखों से भरी है। वहाँ पर निरन्तर दुःख सहन करने पड़ते है। मनुष्य भव में भी अनेक प्रकार के दुःख है। मनुष्य कोई तन से दुःखी है, कोई मन से, तो कोई धन से दुःखी है। किसी को इष्ट जन के वियोग दुःख है, तो किसी को अनिष्ट का संयोग होने पर दुःख है। यह बात नगर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से शिक्षीत व वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज से दिक्षीत मुनिश्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने 31 जुलाई सोमवार को प्रातः काल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य कहते हैं, तीर्थंकर जैसे पुण्यशाली जीवो को भी कर्मों के कारण कष्ट उठाना पडा। देव पर्याय में श्री देव एक दूसरों को ऋद्धी ऐश्वर्य को देखकर दुःखी होते रहते हैं। इन सब दुःखों का अन्त भगवान की पूजा, गुरु सेवा और धर्म ग्रंथों के पारायण से ही हो सकता है। मुनिश्री ने आगे बताया कि भगवान के अभिषेक के बाद जो जल है, वह गंधोदक कहलाता है, जो परम पवित्र होता है। उसे नेत्र व ललार पर धारण करने से पाप समूह नष्ट हो जाते हैं और आदर पूर्वक धारण किया हुआ गंधोदक संसार ताप को हरने वाला होता है। गृद्द पक्षी एक मुनिराज के चरणोदक के द्वारा सुनहरे पंख व रत्नमयी चोंच वाला हो गया, फिर भगवान के चरणों का गंधोदक भव ताप का नाश करदे तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं है। भगवान के चरणों से स्पर्श होकर आया वह गंधोदक सकारात्मक तथा मन्त्रों की ऊर्जा से भरा होता है इसलिए भगवान का गंधोदक को अपने नेत्रों ओर ललाट पर धारण करना चाहिए तथा घर मे पवित्र स्थान पर रखना चाहिए वही मुनि श्री दर्शित सागर जी महाराज ने कहा कि सज्जनता हर स्थान पर पूज्यता का प्राप्त होती है। सज्जन पुरुष सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के सिद्धान्त का अनुसरण करते है। सज्जन चन्द्र?मा की किरणों के समान सबको शीतलता प्रदान करते हैं। सज्जनता ही व्यक्ति को महान बनाती है। सज्जन स्वयं कष्ट में रहकर दुसरों के कष्टों को दूर करने का प्रयत्न करता है।

## राजस्थान के निम्बाहेड़ा निवासी दो युवकों के कब्जे से देशी पिस्टल मिली, जांच जारी




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नारायणगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देसी पिस्टल और जिंदा राउंड कारतूस बरामद किए है। नारायणगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति राणायरा के गोचर भूमि के निकट अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं, जो किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल टीम बनाकर थाना क्षेत्र के रणायरा गांव के निकट जंगल में दबिश देते हुए दो राजस्थान के निम्बाहेड़ा निवासी मुकेश पिता रामलाल जोशी उम्र 38 वर्ष और विकास पिता मनोज जोशी उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर तलाशी ली तो इनके कब्जे से एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अवैध हथियार रखने की आरोप में 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी अवैध हथियार लेकर मध्यप्रदेश की सीमा में क्यों आए ठगे और क्या करने वाले थे मामले में पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## नगर परिषद सिंगोली के साधारण सभा सम्मेलन की बैठक संपन्न

### कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से हुए पारित





**सिंगोली ।(सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को नगर परिषद कार्यालय पर साधारण सभा सम्मेलन की बैठक का आयोजन परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद जैन भाया (बगड़ा) सांसद प्रतिनिधि निशांत जोशी एवं पार्षदों की उपस्थिति में किया गया बैठक के पूर्व अध्यक्ष पार्षदों और निकाय कर्मचारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई तत्पश्चात बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर्व हर्षोल्लास से मनाए जाने, वीर तेजाजी महाराज मेला आयोजन, प्राप्त नामांतरण प्रकरणो पर विचार, पट्टा नवीनीकरण नामांतरण प्रकरण पर शासन द्वारा पत्र पर विचार, विवादित नामांतरण प्रकरणों में विधिक राय अभिमत फिस के संबंध में विचार, निकाय क्षेत्र में भवनो/ भूमियों पर संपत्तिकर निकाय 2020 अनुसार कर योग्य संपत्तिकर मूल्य का निर्धारण संपत्ति कर कलेक्टर गाइडलाइन अनुसार वित्तीय वर्ष 2024--25 मे अधिरोपित किए जाने के संबंध में विचार सहीत राजीव आवास योजना कॉलोनी में अधोसंरचना विकास करवाए जाने के संबंध में एवं आगामी दशहरा पर्व परंपरागत अनुसार शासन गाइडलाइन के अनुसार मनाए जाने सहित कुल 11 प्रस्ताव को सर्व सहमति से पारित किया गया बैठक के दौरान पार्षद कमल कुमार शर्मा सुनील कुमार सोनी जीवन कुमार बलाई पार्षद लता देवी पार्षद लीना विकास सेन निसार पठान संतोषबाई सुतार पारीबाई सुतार अंतिम वाला शर्मा सहित मतदाता शपथ ग्रहण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि गोपाल सुथार विकास सेन मुख्य नगरपालिका अधिकारी कैलाशचंद शर्मा कपिल राजावत उपयंत्री अंकित माझी राजस्व प्रभारी राहुल शर्मा सहित निकाय कर्मचारी उपस्थित थे।

### झगड़े में घायल हुए व्यक्ति की हुई मौत

## परिजनों ने अर्थी रोड पर रख आरोपियों को जल्द पकड़कर कड़ी सजा देने की मांग की

### पुलिस ने तबातोड़ एक आरोपी की गुमटी को उठाया



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड ।** बदनावर थानांतर्गत ग्राम तिलगारा में 8 जुलाई को हुए झगड़े में घायल 52 वर्षीय जगदीश मंडलोई की इलाज के दौरान बडोदरा में मौत हो गई परिवारजनों के अनुसार 8 जुलाई को गांव के ही कुछ लोग हमारे परिवार के साथ झगड़ा कर मारपीट करने लगे व समीप लगीं गुमटी में तोड़फोड़ की जिसे परिवार के जगदीश समझाने आए तभी आरोपियों ने उन्हें को पीछे से लोहे की राड से मारदी जिससे वह गंभीर घायल हो गया जिन्हें परिजनों द्वारा तुरंत सिविल अस्पताल बदनावर ले जाया गया जहाँ गंभीर हालत को देखते हुए रतलाम रेफर किया रतलाम में डॉक्टरों ने परीक्षण कर बताया कि ये व्यक्ति कोमा में चला गया कुछ दिनों तक रतलाम में इलाज करवाने पर मरीज को आराम नही होने पर वड़ोदरा ले जाया गया जहाँ पर 30 जुलाई को उनकी मौत हो गई वही पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने पर गुस्साए परिजनों ने अर्थी को सड़क पर रखकर आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने व आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की जिस पर पुलिस ने दो दिन में आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया तब जाकर परिजन माने व अंतिम संस्कार किया वही पुलिस ने तबातोड़ एक आरोपी की अवैध रूप से संचालित गुमटी को उठवाकर पंचायत में रखवाया

**इनका कहना है**

4 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है जिसमे एक को गिरफ्तार कर लिया बाकी की तलाश की जा रही है - **विश्वजीत सिंह पंवार टीआई बदनावर**

8 तारीख को गांव के कुछ लोगो ने हमारे घर पर हमला कर मारपीट करने लगे पापा उन्हें समझाने गए तो उन्हें पीछे से लोहे की राड से मार दी जिससे वो कोमा में चले गए और उनकी मृत्यु हो गई आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए **-आरती मृतक की पुत्री**

आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए उनके घर पर बुलडोजर चलना चाहिए **-जगन्नाथ मंडलोई मृतक का भाई**

## अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार प्रोटेक्शन काउंसलिंग के बैनर तले दीप सिंह वसुनिया के लेटर पर आज महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम ज्ञापन सोपा

**झाबुआ / माणक लाल जैन/देनिक मालवा हेराल्ड।** देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में जारी हिंसा पर रोक लगाने, युवतियों के साथ घिनौना कृत्य करने वाले लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करना व राज्य में मानव अधिकारों की रक्षा करने के संबंध में दिया ज्ञापन।ज्ञापन देते हुए बताया कि मणिपुर राज्य में पिछले दिनों काफी दिनों से मानव अधिकार उल्लंघन की घटना में तेजी से इजाफा हो रहा है मणिपुर में महिलाओं के साथ बेशर्मी वाली घटना हाल ही में हुई है। जिससे पूरे देश का सिर शर्म से झुक गया है दो युवतियों को नग्न कर परेड कराना वह उनके साथ सामान्य वाला बर्ताव कर दिए जाने की घटना काफी शर्मनाक है राज्य सरकार में कानून व व्यवस्था की स्थिति को बनाकर रख पाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है । राज्य में आम आवाम सुरक्षित नहीं है वही महिलाएं भय के साए में जीवन व्यतीत कर रही हैं मणिपुर में मानव अधिकारों का सरेआम चीर हरण किया जा रहा है हमारा संगठन मणिपुर में दो महिलाओं से शर्मनाक घटना की घोर निंदा करता है हमारा संगठन आपसे मांग करता है कि मणिपुर मामले में गंभीरता से कार्रवाई कर मानव अधिकार को बहाल किया जावे उपद्रवियों के साथ महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़ करने वाले समूह वह लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए मणिपुर में आदिवासियों पर बड़े पैमाने पर अन्याय अत्याचार किया जा रहा है।

## हमारा जावद विधान सभा क्षेत्र विकास और प्रगति के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है -मंत्री सखलेचा










**सिंगोली । (सतीश सैन )/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश में जावद विधानसभा क्षेत्र विकास और प्रगति के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है । भारतीय जनता पार्टी एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहती है जिसमें देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर बने देश विकसित विकासशील प्रगतिशील बने इसी सोच के साथ हमारी केंद्र व राज्य सरकार काम कर रही है । यह बात जावद विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने बोली

वे रविवार को विकास यात्रा के दौरान राजपुरा झवर व पिपरवा में करोड़ो की लागत के विकास कार्यो के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम को बड़ी संख्या में जनता को सम्बोधित कर रहे थे ।

उन्होंने क्षेत्र में निरंतर विकास के लिए जनता से अनुरोध करते हुए बताया कि आने वाले चुनाव में आप फिर भाजपा की विकासवादी सरकार को ही चुने । श्री सकलेचा ने आगे कहा कि विकास के लिए पैसों की कमी नहीं है आज विकास के लिए हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों करोड़ों रुपए की योजना पर पैसा खर्च कर रही है हमने शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल व कंप्यूटर कक्षाएं जावद तहसील में संचालित करवाई है महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाडली बहना योजना चलाई है जिसकी राशि धीरे-धीरे 3000 तक बढ़ाई जाएगी चंबल का पानी तहसील के 242 गांव तक पहुंचेगा जिसमें पेयजल व सिंचाई के लिए किसानों को पर्याय पानी मिलेगा ।

इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री अशोक विक्रम सोनी ने कहा यह विचारधारा की लड़ाई है हमारी पार्टी की विचारधारा विकास के साथ राष्ट्रवाद संस्कृति संस्कारों से सरोकार रखते हैं भाजपा सरकार में बिजली पानी सड़क शिक्षा आदि मूलभूत बुनियादी सुविधाएं दी है आज मध्य प्रदेश बीमारू राज्य से विकासशील राज्य बनने जा रहा है यह सब हमारे प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री जी की सोच का परिणाम है ।

विकास यात्रा के दौरान सिंगोली भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल धाकड़ , जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंभु लाल धाकड़ , सिंगोली नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार बगड़ा , नगर परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ , पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार मेहता ,भाजपा मंडल महामंत्री पारस कुमार जैन झांतला , जनपद सदस्या श्रीमती रीना -राजेश शर्मा प्रशांत पालीवाल विशाल जैन धीरेंद्र सिंह नाना लाल , कैलाश धाकड़ लाभचंद धाकड़ सचिव गजेंद्र सिंह शक्तावत सचिव नरेश राव आदि शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन राजकुमार महता सिंगोली ने किया अंत में सभी का आभार सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश धाकड़ द्वारा किया गया।

# सम्पादकीय

## हिन्द प्रशांत क्षेत्र और फ्रांस

श्रीलंका के आर्थिक संकट से कुछ सम्भलने के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनूएल मैक्रों श्रीलंका की यात्रा पर पहुंचे हैं। श्रीलंका और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रीलंका पहुंचने वाले वह पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति हैं। मैक्रों और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंगे में बातचीत के बाद फ्रांस ने श्रीलंका के ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया में सहायता का वायदा किया। दोनों देशों में सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा हुई और दोनों देश अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए। दोनों नेताओं की वार्ता के दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि इमेनूएल मैक्रों ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर भारतीय रुख का जबरदस्त ढंग से समर्थन किया और रानिल विक्रमसिंगे से कहा कि हिन्द महासागर के दो देश श्रीलंका और फ्रांस खुला समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का लक्ष्य साझा करते हैं और दोनों देश इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। भारत और फ्रांस भी हिन्द प्रशांत क्षेत्र के अस्तित्व में विश्वास करते हैं और इसके संप्रभुता-क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के साथ रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनने का प्रयास कर रहे हैं।वर्ष 2018 में फ्रांस के राष्ट्रपति ने अपनी इंडो पैसिफिक रणनीति की रूपरेखा प्रस्तुत की थी और इस क्षेत्र की सुरक्षा, स्थिरता, विकास को विश्व शांति और समृद्धि के लिए आवश्यक माना था। भारत और फ्रांस की नौसेनाओं ने पिछले वर्ष हिंद महासागर के यूनियन द्वीप में संयुक्त पैट्रोलिंग की थी। यह द्वीप हिंद महासागर में फ्रांस के नियंत्रण वाला विदेशी क्षेत्र है। यह मेडागास्कर और मॉरीशस से निकट भी है। पी 81 एयरक्राफ्ट के जरिए ही यह पैट्रोलिंग की गई थी। फ्रांस हिंद महासागर में एक मजबूत नौसैनिक शक्ति है जिसके अड्डे अबू धाबी, जिबूती, मायोट, रियूनियन द्वीप में हैं और इसके साथ ही दक्षिणी प्रशान्त महासागर में फ्रेंच पोलिनेशिया और न्यू कैलेडोनिया में भी इसके नौ सैनिक अड्डे हैं। इसी साल फ्रांस इंडियन ओसियन रिम एसोसिएशन का 23वां पूर्ण सदस्य देश बना है जिससे हिंद महासागर को चीन जैसे देशों के एकाधिकारवादी मानसिकता के दायरे से बाहर निकालने की फ्रांस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है।विस्तारवादी नीति के तहत चीन हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में आर्थिक व भौगोलिक विस्तार कर विश्व में वर्चस्व कायम करना चाहता है। चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये से गंभीर संकट पैदा हो रहा है और यह भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र बन गया है। इस पृष्ठभूमि में क्वॉड की सर्व समावेशी भूमिका को विश्व के हित में प्रभावशाली रूप में देखा जा रहा है। हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और समावेशी बनाने के लिए और विश्व की चुनौतियों पर एक साथ काम करने के लिए 24 मई, 2022 को टोक्यो में आयोजित क्वॉड देशों के तीसरे शिखर सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा तथा संप्रभुता की रक्षा के साथ वैश्विक भू-राजनीतिक व भू-आर्थिक परिस्थितियों के कारण लोकतांत्रिक व तानाशाही देशों के बीच शक्ति संतुलन स्थापित करने के लिए 13 देशों का एक आर्थिक मंच बनाया गया था जिसमें भारत, आस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका के साथ ब्रूनेई, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, थाईलैंड, दक्षिणी कोरिया, मलेशिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया व वियतनाम शामिल हैं। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग के साथ एक बड़े आर्थिक सहयोग संगठन की शुरुआत टोक्यो में हो चुकी है जिससे कोरोना संकट काल के बाद व रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजी समस्याओं जैसे आपूर्ति श्रृंखला, महंगाई, डिजिटल धोखाधड़ी, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की बात की गई है जो विश्व की निर्भरता को चीन से कम भी करेगा। 13 देशों के बने संगठन आईपीईएफ (इंडो- पैसिफिक इकोनोमिक फ्रेमवर्क) में वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीडीपी का 40 प्रतिशत हिस्सा है जो भविष्य में एक महत्वपूर्ण नए आर्थिक मंच के रूप में उभरने की संभावनाओं से भरा है। मुख्य न्यायाधीश की गरिमा श्रीलंका भी चीन के ऋण जाल में फंसकर अपना बुरा हाल करवा चुका है। उसने श्रीलंका के हेबन टोटा बंदरगाह पर कब्जा किया हुआ है। पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर कब्जे के कारण ब्लूचों के कड़े विरोध और हमलों के चलते उसके वापिस लौटने की नौबत आ चुकी है। मालदीव और म्यांमार में भी उसकी साजिशें सफल नहीं हो रही हैं। दक्षिणी चीन सागर में उसने भय और अस्थिरता का माहौल कायम किया हुआ है। भारत ने हिन्द महासागर और प्रशांत महासागर में नौगमन की स्वतंत्रता, महत्वपूर्ण व्यापारिक समुद्री मार्गों से अबाधित आवाजाही को एक नया वैश्विक आंदोलन बना ?दया है और भारत को व्यापक समर्थन भी मिल रहा है। बेहतर यही होगा कि श्रीलंका चीन के जाल से बाहर निकल इस आंदोलन का भागीदार बने और खुद को मजबूत बनाए। भारत, फ्रांस और अन्य देश श्रीलंका की हरसम्भव मदद करने के लिए तैयार हैं।

## परमात्मा से जुड़ने की शक्ति आपके भीतर है बाहर नहीं : परम पूज्य श्री माताजी



सम्पूर्ण सृष्टि में परमात्मा की सूक्ष्म शक्ति परम चैतन्य स्वरूप मे कण कण में व्याप्त हैं। इस सूक्ष्म शक्ति से जुड़ने के लिए प्रत्येक मानव को शुद्ध इच्छा करनी होती है। ये शुद्ध इच्छा सम्पूर्ण मानव जाति के शरीर में कुंडलिनी नाम से एक शक्ति पावन अस्थि के भीतर होती है ये इतनी पवित्र है कि जब तक मानव स्वयं इसे परमात्मा की सूक्ष्म शक्ति से एकाकार करने की शुद्ध इच्छा व्यक्त नहीं करता तब तक यह जाग्रत नहीं होती है। इस पावन अस्थि को 'सेक्रम बोन' भी कहते है। जो मानव के मेरूरज्जू (रीढ़ की हड्डी) के आधार पर त्रिकोणाकार स्वरूप में स्थित रहती है, इसी में कुण्डिलनी सुप्तावस्था में साढ़े तीन कुण्डल में विद्यमान रहती है। जिस प्रकार किसी यंत्र का संबंध विद्युत के किसी स्त्रोत के साथ जोड़ने के लिए तार की आवश्यकता होती है ठीक उसी प्रकार कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए मानव को परमात्मा से एकाकार होने की शुद्ध इच्छा का होना अत्यन्त आवश्यक है। इसी शुद्ध इच्छा के घटित होते ही कुण्डिलनी के कुछ सूत्र आरोहित होकर मानव के ब्रहम रन्ध्र ( सिर के तालू भाग) को भेदते हुए अन्ततः मानव को परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति से जोड़ देती है। यह एक बड़ी सहज, सुखद एवं जीवन्त क्रिया है जो अन्तःकरण में गहन शान्ति स्थापित करती है। इस घटना के अन्तर्गत कई बार व्यक्ति अपने सिर के तालु भाग में सहज ही शीतल लहरियों के प्रवाह को भी महसूस करता है तथा कई बार कुछ गरम या हलचल को भी महसूत करता है जो मानव स्वयं ही अनुभव करके प्रमाणित करता है। इन शीतल लहरियों को व्यक्ति अपने चहुँ ओर हाथों की हथेलियों उगलियों पर भी महसूस कर सकता है।

सहजयोग ध्यान में आत्मसाक्षात्कार द्वारा मानव अध्यात्मिक अस्तित्व की अन्तिम अवस्था को प्राप्त कर आत्मा की शुद्धता को प्राप्त करते हुए ईश्वर से एकाकार हो जाता है। सहज योग पूर्णता निशुल्क है। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# सावन अधिक मास की पूर्णिमा, सुख-समृद्धि पाने के लिए करें प्रभावशाली 4 उपाय, दूर होगी हर परेशानी

**शास्त्रों की बात जाने धर्म के साथ**

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि को स्नान और दान के रूप में देखा जाता है. इस दिन व्रत का संकल्प लेकर पवित्र नदी में स्नान करते हुए जरूरतमंदों को दान करना अक्षय पुण्य प्रदान करता है. सावन अधिक मास की पूर्णिमा तिथि 1 अगस्त 2023 को पड़ रही है. इस दिन कुछ उपाय कर आप अनेक परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं.

जो व्यक्ति इस दिन जप तप और दान करते हैं उन्हें अक्षय पुण्य प्राप्त होता है.

**सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है.**

पूर्णिमा पर पवित्र जल से स्नान और दान की परंपरा बहुत पहले से चली आ रही है.

सावन के महीने की शुरुआत 4 जुलाई 2023 से हो चुकी है. इस बार सावन का महीना खास है, क्योंकि इसमें अधिक मास भी लगा है. अधिक मास की शुरुआत 18 जुलाई 2023 से हुई है, जो 16 अगस्त 2023 को समाप्त होगा. सावन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर अधिक पूर्णिमा व्रत रखने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है. इस दिन पवित्र नदी में स्नान और दान का विशेष महत्व है. धार्मिक मान्यता है कि जो व्यक्ति इस दिन जप तप और दान करते हैं उन्हें अक्षय पुण्य प्राप्त होता है. इस साल 1 अगस्त 2023 को श्रावण अधिक पूर्णिमा पड़ रही है. उज्जैन के श्री अंन्नपूर्णा अनुष्ठान केंद्र के आचार्य पंडित श्री सतीश नागर बता रहे हैं पूर्णिमा तिथि पर किए जाने वाले कुछ अचूक उपाय.

**श्रावण अधिक पूर्णिमा व्रत तिथि**

हिंदू पंचांग में बताया गया है कि श्रावण अधिक मास के शुक्ल पक्ष की तिथि 1 अगस्त 2023 को सुबह 3ः51 बजे से आरंभ हो रही है. जिसका समापन अगले दिन यानी 2 अगस्त 2023 को मध्य रात्रि 12ः00 बजे होगा. उदया तिथि के अनुसार व्रत 1 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को रखा जाएगा.

**सावन अधिक पूर्णिमा 2023 पर करें प्रभावशाली उपाय**

-ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि आप चाहते हैं कि आपके जीवन में सुख समृद्धि और खुशियां बनी रहे, तो उसके लिए श्रावण अधिक मास की पूर्णिमा तिथि पर व्रत करें और पीपल के वृक्ष में जल चढ़ा कर घी का दीपक जरूर जलाएं.

-धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूर्णिमा व्रत में भगवान विष्णु और देवी तुलसी की आराधना का महत्व माना गया है. इस दिन विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ अवश्य करना चाहिए.

-ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों के दांपत्य जीवन में समस्या आ रही है उन्हें पूर्णिमा के दिन चंद्रमा को दूध से अर्घ्य देना चाहिए. इस उपाय से दांपत्य जीवन में मिठास घुल जाती है और पति पत्नी के बीच मधुरता बढ़ जाती है.

-ज्योतिष शास्त्र के अनुसार. जिन युवक युवती के विवाह में अड़चन आ रही है, उन्हें पूर्णिमा के दिन माता गौरी को 16 श्रृंगार अर्पित करना चाहिए और पूरे विधि विधान से उनकी उपासना करना चाहिए. इस उपाय से शादी में आ रही बाधा दूर हो सकती है.

**सावन अधिक मास की पूर्णिमा कल, सुख-समृद्धि के लिए जरूर करें ये उपाय**

इस साल सावन के महीने को बहुत खास माना जा रहा है, क्योंकि अधिक मास की वजह से इस बार सावन दो महीने का है। ऐसे में सावन में पड़ने वाले व्रत और त्योहार की संख्या भी बढ़ गई है। दो महीने का सावन होने की वजह से पूर्णिमा भी दो बार पड़ रही है। सावन की पहली पूर्णिमा कल यानी 1 अगस्त 2023 को है। यह अधिक मास की पूर्णिमा है। वहीं सावन की दूसरी पूर्णिमा 30 अगस्त को है। पूर्णिमा के दिन किसी पवित्र नदी में स्नान-दान आदि का विशेष महत्व होता है। सावन और अधिक मास का संयोग होने की वजह से 1 अगस्त की पूर्णिमा बहुत खास मानी जा रही है। इस दिन कुछ उपाय करने से जीवन में खुशियां आती हैं।

**चलिए जानते हैं पूर्णिमा तिथि पर किए जाने वाले कुछ अचूक उपाय...**

सावन अधिक मास की पूर्णिमा के दिन पीपल के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व होता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पीपल के पेड़ पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश इन तीनों देवताओं का वास होता है। साथ ही पीपल के पेड़ पर हर वक्त माता लक्ष्मी का वास होता है। इसलिए वैशाख पूर्णिमा के दिन पीपल की पूजा करने पर विशेष लाभ प्राप्त होता है। इस दिन पीपल के पेड़ की पूजा जरूर करें।

पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाने से पितृदोष से मुक्ति मिल जाती है।

ऐसे में सावन अधिक मास की पूर्णिमा के दिन जल में काला तिल मिलाकर पीपल के पेड़ पर अर्पित करें।

जिस भी व्यक्ति की कुंडली में शनि दोष हो उसे सावन अधिक मास की पूर्णिमा पर पीपल के पेड़ की पूजा करनी चाहिए। इससे शनि दोष का प्रभाव कम हो जाता है और उन्नति के अवसर प्राप्त होते हैं।

जिन लोगों के दांपत्य जीवन में समस्या आ रही है

उन्हें पूर्णिमा के दिन चंद्रमा को दूध से अर्घ्य देना चाहिए। इस उपाय को करने से दांपत्य जीवन में मिठास घुल जाती है और पति-पत्नी के बीच मधुरता बढ़ जाती है।

अधिक मास की पूर्णिमा के दिन करें ये विशेष उपाय, माता लक्ष्मी के साथ मिलेगी श्री हरि की कृपा

हिंदू पंचांग के अनुसार सावन अधिक मास की पूर्णिमा 1 अगस्त को पड़ रही है। इस दिन कुछ विशेष उपाय करने से व्यक्ति को कई प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दिन किए गए उपायों से व्यक्ति को मानसिक बीमारियों से छुटकारा मिलता है साथ ही कुंडली में चंद्रमा की स्थिति को भी मजबूत किया जा सकता है।

**आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ उपाय।**

अधिकमास की पूर्णिमा के उपाय।

हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है पूर्णिमा तिथि

1 अगस्त को पड़ रही है अधिक मास की पूर्णिमा

**इस दिन विशेष उपाय करने से प्राप्त होती है माता लक्ष्मी की कृपा**

जिस प्रकार से सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए समर्पित है, ठीक उसी प्रकार पुरुषोत्तम मास का यह महीना भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। श्रावण मास के बीच 18 जुलाई से अधिक मास लग रहा है और इसका समापन 16 अगस्त 2023 को होगा। सावन में अधिक मास का संयोग पूरे 19 साल बाद बन रहा है इसे मलमास या पुरुषोत्तम मास भी कहते हैं। इस माह में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं।

**पूर्णिमा का महत्व**

सनातन धर्म में पूर्णिमा का एक विशेष महत्व है। इस दिन चंद्रमा अपने पूर्ण आकार में होता है। इस दिन जल और वातावरण में एक विशेष ऊर्जा होती है। चंद्रमा इस तिथि के स्वामी होते हैं। साथ ही इस दिन स्नान, दान का भी विशेष महत्व है।

**चंद्रमा की करें पूजा**

1 अगस्त यानी सावन मास अधिक मास की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ माता लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा जरूर करें। इससे व्यक्ति को विशेष फल प्राप्त होता है। साथ ही धन संबंधी समस्याओं का सामना भी नहीं करना पड़ता।

**इन चीजों का करें दान**

पूर्णिमा के दिन दान देने का विशेष महत्व है। इससे व्यक्ति को पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। ऐसे में अधिक मास की पूर्णिमा और भी अधिक महत्व रखती है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, धन, वस्त्र या चावल जैसी चीजों का दान करना चाहिए।

**मां लक्ष्मी को लगाएं इस चीज का भोग**

माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए पूर्णिमा के दिन अष्टालक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। वहीं, अगर आप आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं तो ऐसे में आपको अधिक मास की पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी को खीर का भोग लगाना चाहिए। इस उपाय से आपको धन रूपी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

**विशेष महत्व रखती है सावन अधिक मास की पूर्णिमा, जानिए शुभ मुहूर्त और पूजा विधि**

हर महीने शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अगले दिन पूर्णिमा तिथि पड़ती है। सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी आज का दिन बेहद खास है। 1 अगस्त को श्रावण अधिक मास का सुपरमून दिखाई देगा। इस दिन श्रावण अधिक पूर्णिमा व्रत रखा जाएगा। इस दिन भगवान सत्यनारायण की पूजा करने का विशेष महत्व है।

सावन अधिक मास की पूर्णिमा व्रत की विधि।

सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि का है विशेष महत्व

शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन रखा जाएगा अधिक पूर्णिमा व्रत

**1 अगस्त को है श्रावण अधिक मास की पूर्णिमा**

शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन अधिक पूर्णिमा व्रत रखा जाता है। वर्ष 2023 में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 1 अगस्त को पड़ रही है। अधिक मास में आने के कारण इसे अधिक पूर्णिमा भी कहा जाएगा।

चलिए, जानते हैं हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का क्या महत्व है, और साथ ही जानते हैं पूर्णिमा व्रत की पूजा विधि।

**अधिक मास की पूर्णिमा का महत्व**

हिंदू धर्म में सावन मास की पूर्णिमा विशेष महत्व रखती है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और सत्यनारायण व्रत रखा जाता है। मान्यता है ऐसा करने से विष्णु जी की कृपा हमेशा बनी रहती है। साथ ही यह भी माना जाता है कि पूर्णिमा के विशेष दिन पर किए गए स्नान-दान और पूजा-पाठ करने से व्यक्ति को विशेष लाभ मिलता है और उसकी सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

**अधिक मास की पूर्णिमा तिथि**

हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण अधिक शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 01 अगस्त को सुबह 03 बजकर 51 मिनट से शुरू होगी और 02 अगस्त को देर रात 12ः00 बजे शाम तक समाप्त हो जाएगी। ऐसे में अधिक मास की पूर्णिमा का व्रत 01 अगस्त को मंगलवार के दिन रखा जाएगा।

**पूर्णिमा व्रत की पूजा विधि**

इस दिन सुबह सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि कर लें। यदि संभव हो तो किसी पवित्र नदी में स्नान करें। इसके बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें। इस दौरान सूर्य देव के बीज मंत्र ? घृणिः सूर्याय नमः का जाप करें। इसके बाद एक साफ चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें और उन्हें धूप, दीप नैवेद्य अर्पित करें। इसके साथ ही भगवान विष्णु की प्रार्थना करते हुए सत्यनारायण व्रत करने का संकल्प लें।

शाम के समय पूजा करते समय अपने समक्ष पानी का कलश रखें। विष्णु जी को पत्ता, पंचामृत, केला और पंजीरी बनाकर अर्पित करें। इसके बाद विधि-विधान के साथ माता लक्ष्मी और श्री हरि की पूजा करें। संध्या काल में पंडित जी को बुलाकर सत्यनारायण की कथा श्रवण करनी चाहिए। पूजा के बाद परिवार और अन्य लोगों में प्रसाद बाटें। पूर्णिमा के दिन, दान अवश्य करना चाहिए।

**01अगस्त 2023ः यहां जानें 12 राशियों का हाल, किसे मिलेगा आज भाग्य का साथ**

**मेष राशि**

**आज का राशिफलः** रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**उपायः आज जातक सूर्यदेव की पूजा से लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंकः8**

**शुभ रंगःभूरा**

**वृषभ राशि**

**आज का राशिफलः** फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं।

**उपायःसोमवती अमावस्या का दान करें**

**शुभ अंकः7**

**शुभ रंगःभूरा**

**मिथुन राशि**

**आज का राशिफलः** आज क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

**उपाय-शनिदेव की पूजा से लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-8**

**शुभ रंग-नारंगी**

**कर्क राशि**

**आज का राशिफल-** घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

**उपाय-आज राम रामायः नमः मंत्र का जप करें।**

**शुभ अंकः9**

**शुभ रंगःगुलाबी**

**सिंह राशि**

**आज का राशिफल-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

**उपायःआज जातक मां दुर्गा की आराधना से लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंकः3**

**शुभ रंगःबैंगनी**

**कन्या राशि**

**आज का राशिफल-** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

**उपाय-आज विष्णु भगवान के साथ हनुमान जी के 12 नाम जपने से कष्ट नहीं होगा।**

**शुभ अंकः4**

**शुभ रंगःगुलाबी**

**तुला राशि**

**आज का राशिफलः** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें।

**उपायःविष्णु भगवान के साथ हनुमान जी के 12 नाम जपने से कष्ट नहीं होगा।**

**शुभ अंकः4**

**शुभ रंगःगुलाबी**

**वृश्चिक राशि**

**आज का राशिफलः** चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

**उपायःआज सुंदर कांड का पाठ करें।**

**शुभ अंकः3**

**शुभ रंगःबैंगनी**

**धनु राशि**

**आज का राशिफलः** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

**उपायःआज मां दुर्गा के 108 नामों का जाप करे।**

**शुभ अंकः7**

**शुभ रंगःपीला**

**मकर राशि**

**आज का राशिफलः** पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

**उपायःगणेश जी को 11 दुर्वा रोज चढ़ायें।**

**शुभ अंकः3**

**शुभ रंगःबैंगनी**

**कुंभ राशि**

**आज का राशिफलः** प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

**उपाय-आज जातक हनुमान जी की पूजा करें।**

**शुभ अंक-2**

**शुभ रंग-नारंगी**

**मीन राशि**

**आज का राशिफल-** पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**उपाय-आज जातक पीपल के पेड़ की परिक्रमा करें**

**शुभ अंक-6**

**शुभ रंग-हरा**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।**

# साहित्य से जीवन में सरलता सहजता का समावेश। (सादा जीवन उच्च विचार साहित्य का मूल मंत्र)

जीवन में साहित्य का निरंतर सृजन करने वाले व्यक्ति के मन में सरलता और सहजता और सदासयता का प्राकृतिक रूप से समूह समावेश होने लगता है। साहित्य के गहन अध्ययन से शालीनता और शिष्टता मानवी जीवन का अंग बन जाती है। सांसारिक लोभ, कामना और स्पृहा से व्यक्ति दूर होकर सृर्जनात्मक विचारों को पसंद करके आडंबर और माया मोह परे होने लगता है।साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार भी होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा। मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है। जीवन को एक नया दृष्टिकोण, एक नई दृष्टि और नया उजाला प्रदान करता है।



-संजीव ठाकुर

# मवेशियों से राहत दिलाने नपा ने शुरू किया अभियान

## हाईवे से हटाए 300 मवेशी, पशुपालकों को भी दी चेतावनी





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरवासी ही नहीं बल्कि हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालक भी मवेशियों की मौजूदगी से परेशान है। जहां आए दिन इनकी वजह से हादसे हो रहे हैं। हालांकि नपा ने इनसे निजात दिलाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है, जिनके द्वारा रविवार रात को हाईवे से करीब 300 मवेशियों को हटाकर गौशाला पहुंचाया है।

कुछ दिनो पहले भी कुछ युवकों की कार मवेशी के अचानक बीच में आ जाने से पलट गई थी और इस हादसे में मवेशी की मौत हो गई थी तो कार सवार युवक घायल हो गए थे। इसके पहले भी एक बाईक सवार की मवेशी के कारण संतुलन बिगड़ने से हुई दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। तो शहर में भी मवेशियों के उत्पात के कारण आए दिन शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन हो रही परेशानी को लेकर मवेशियों से राहत दिलाने की मांग बढ़ती जा रही थी। लोगों को मवेशियों से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका ने रविवार रात से अभियान शुरू किया और एक दिन में करीब 300 मवेशियों को शहर से बाहर करते हुए उन्हें ग्राम टांडा बोर्डी स्थित गौशाला में पहुंचाया गया है।

### लोगों से भी की अपील अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें

नपा सीएमओ श्री शर्मा ने बताया कि मवेशियों को शहर से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह अभियान लगातार जारी रहेगा और मवेशियों को शहर से बाहर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पशुपालक भी अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें। उन्हें बांधकर रखें अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

### शहर में भी मवेशियों का डेरा

हाईवे से नपा ने मवेशियों को हटा दिया, लेकिन शहर में अब भी इनकी समस्या जस की तस बनी हुई है, जो बीच सड़क में बैठकर शहरवासियों की परेशानी का कारण बन रहे हैं। सोमवार को भी शहर की सड़कों पर मवेशियों ने डेरा डाले रखा। नगरवासियों ने मांग की है कि इन मवेशियों को शहर से भी बाहर किया जाए।

# मणिपुर घटना का जयस कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

## रैली निकालकर किया प्रदर्शन, फूल भेंटकर व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने का किया आह्वान



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मणिपुर में कुकी महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म और नग्न परेड की घटना के साथ ही वहां चल रही जातीय हिंसा के विरोध में शाजापुर में सोमवार को जयस कार्यकर्ताओं ने वाहन रैली निकालकर घटना पर विरोध जताया। जयस ने बंद का भी आव्हान किया था। हालांकि लेकिन इसका असर देखने को नहीं मिला। जयस कार्यकर्ताओं ने प्रतिष्ठानों पर जाकर व्यापारियों को फूल भेंट कर प्रतिष्ठान बंद रखने का आग्रह किया। जयस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान नारेबाजी भी की।जयस ने इसके पहले राष्ट्पति के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि इन बेहद घृणित अपराधों के दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले, दुष्कर्म और हत्या करने वालों के केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर उन्हें कड़ी सजा दी जाए। शिविरों में रह रहे पीड़ितों के लिए उचित व्यवस्था की जाए और उनके घर लौटने के प्रबंध किए जाएं। सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्पति शासन लागू किया जाए। जयस के जिलाध्यक्ष सुनील भिलाला ने बताया कि मणिपुर की घटना के विरोध में 31 जुलाई को भारत बंद का आवाहन किया गया था। जिसके चलते शाजापुर जिले में भी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# जन्मदिन पर कपड़े के थैले वितरण



**बदनावर/दैनिकमालवा हेराल्ड।**भारत विकास परिषद शाखा बदनावर द्वारा रविवार को प्रधीर सिंह पवार के जन्मदिवस के उपलक्ष में पर्यावरण बचाओ के अंतर्गत नगर में राहगीरों को कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया एवं उन्हें समझाइश दी गई कि जब भी घर से निकले कपड़े की थैलियों का ही उपयोग करें, हमें पर्यावरण बचाना है, तो कम से कम पॉलिथीन का उपयोग नहीं करें । इस अवसर पर नगर परिषद के ब्रांड एंबेसडर दिलीप सिंह चौहान, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार, पार्षद प्रतिनिधि चेतन नागल, निलेश सिंह पवार, राकेश सिंह चौहान, राजेंद्र जाट, पवन जयसवाल थे। संस्था की इस पहल की नगर में बड़ी चर्चा है एवं कई लोगो को इस तरह कार्य करने की प्रेरणा भी मिली।

# गुमशुदा बच्चे का तालाब में मिला शव

## एक दिन पूर्व परिजनों ने कोतवाली में दर्ज कराई थी शिकायत



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपनी मां के साथ जंगल में गए बच्चे की लाश अगले दिन घर के थोड़ी दूर स्थित तालाब में तैरती मिली। इसके पूर्व परिजनों ने बच्चे की गुमशुदगी की शिकायत कोतवाली पुलिस को की थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार 7वर्षीय विजय पिता संजय नाथ रविवार को अपनी मां के साथ जंगल में गया था। इसके बाद उसके घर वाले अपने काम में व्यस्त हो गए। शाम को जब विजय कहीं नजर नहीं आया तो परिजनों ने सभी दूर तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जिसके चलते परिजनों ने कोतवाली पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत करते हुए उसे ढूंढने की गुहार लगाई। अगले दिन सोमवार सुबह एक बच्चा घूमते-घूमते वहां से गुजरा जिसने तालाब में शव तैरते देखा और इसकी सूचना अपने परिजनों को दी, जिन्होंने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# निजी स्कूलों के स्टॉफ और उनकी योग्यता होगी सार्वजनिक

## सूचना पटल पर लगेगी सूची, अल्फोंसा स्कूल की घटना के बाद शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया के अल्फोंसा स्कूल में हुए विवाद के बाद शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों के प्रति सख्ती बरतना शुरू कर दिया है, जिन्होंने अब निजी स्कूलों को निर्देशित किया है कि वे अपने यहां कार्यरत स्टॉफ की सूची और उनकी योग्यता सूचना पटल पर चस्पा करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी।

दरअसल जिले के कुछ निजी स्कूलों में विवादित मामले सामने आए हैं। सबसे ताजा मामला अकोदिया के अल्फोंसा स्कूल का है। यहां की शिक्षिका पर विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि वह उन्हें तिलक लगाकर स्कूल में नही आने दे रही थी। साथ ही देवी- देवताओं को लेकर भी अर्नगल टिप्पणी की गई थी। इस मामले में स्कूल में विद्यार्थियों, अभिभावकों सहित अन्य लोगों ने जमकर हंगामा भी किया था। इसके बाद ही यह निर्देश जारी किए गए हैं। केवल अकोदिया का अल्फोंसा स्कूल ही नहीं बल्कि इसके पहले मक्सी क्षेत्र के कनासिया नाका स्थित कोलपिंग स्कूल में भी विद्यार्थियों द्वारा जय श्रीराम का जयकारा लगाने पर छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। इसे लेकर भी विद्यार्थियों के संगठनों ने नाराजगी जाहिर कर घेराव की घोषणा की थी। हालांकि मामले में पुलिस ने मध्यस्तता कर दोनों पक्षों को समझा दिया था। स्कूल प्रबंधन ने भी खेद व्यक्त किया था। इसके बाद अकोदिया के स्कूल का मामला सामने आ गया। लगातार सामने आ रहे इस तरह के मामलों को देखते हुए शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों में शासकीय स्कूलों की तरह शैक्षणिक स्टाफ की जानकारी सार्वजनिक करने के निर्देश जारी किए हैं।

### कई स्कूलों में सुविधाओं का भी अभाव

जिले के कई निजी स्कूल ऐसे हैं, जहां विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का भी अभाव है। ऐसे में जिम्मेदारों को इस ओर भी ध्यान देने की आवश्कता है। दरअसल कई स्कूलों में खेल सुविधाओं का अभाव है तो कुछ स्कूलों में शैक्षणिक स्टाफ उपयुक्त योग्यता वाला नही है।जानकारी अनुसार निजी स्कूलों द्वारा मान्यता प्राप्त करने के लिए दी जाने वाली जानकारी का अगर धरातल पर परीक्षण किया जाए। तो कई स्कूल ऐसे मिलेंगे। जिनमें नियम-कायदों के अनुसार सुविधाएं नही हैं।

### इनका कहना है....

निजी स्कूलों को निर्देशित किया है कि वे अपने यहां कार्यरत स्टॉफ की सूची सूचना पटल पर चस्पा करें। सात दिनों के अंदर भी यदि निर्देशों का पालन नही किया गया तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**- विवेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी-शाजापुर**

# महिला सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन धार जिला इकाई का गठन



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन धार जिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती सीमा रावल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी डॉ मनीषा खेडेकर द्वारा फाउंडेशन के संस्थापक अशोक जी परमार के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी एवं धार ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया कार्यक्रम की घोषणा की पूर्व संस्थापक श्री परमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं श्री परमार ने संस्था की कार्य योजना के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनीषा खेडेकर ने भी अपने विचारों से में सभी सदस्यों को अवगत कराएं एवं कहां की हम सबको मिलकर फाउंडेशन के कार्य करना है अवसर पर। जिला अध्यक्ष श्रीमती रावल ने भी अपने विचार व्यक्त किए । कार्यकारिणी में जिला महासचिव विनीता जोशी, धार अनुप्रिया वैष्णव , धार ब्लॉक अध्यक्ष सचिव प्रतिभा शर्मा, उपाध्यक्ष मेघा ,अदिति सुगंधी, मीडिया प्रभारी श्वेता सोनी एवं सदस्य अनीता बोरासी, अनुसूया वैष्णव रीटा धौड़गांवकर,वर्दीबाई डाबर को सदस्य मनोनीत किया गया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नेहा शर्मा राजेश्वरी वर्मा उपस्थित थे जिला व नगर स्तरीय कार्यकारिणी बैठक धार जिला मुख्यालय पर मनीषा खेडेकर के निवास पर संपन्न हुई अंत में आभार जिला सचिव सारीका मोदी ने व्यक्त किया।

# राजनैतिक दलों की बैठक कल

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल की ओर से जारी कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के तहत 02 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन नियत है। मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन के संबंध मे जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 02 अगस्त को दोपहर 12 बजेकलेक्ट्रेट सभाग्रह में आयोजित की गई है।

# 21 पाव देशी अवैध मदिरा प्लेन जप्त



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर किशोरकुमार कन्याल के निर्देशन पर एवं जिला आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में गत दिवस मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण करने के लिए वृत शुजालपुर में होटल तथा ढाबो एवं दुकानो पर दबिश के दौरान तलाशी ली जाने पर 21 पाव देशी अवैध मदिरा प्लेन जप्त की गई। जिस पर एक आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालयीन प्रकरण पंजीकृत किया गया। उक्त समस्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोककुमार खत्री, आबकारी आरक्षक लखन सिसोदिया एंव सैनिक देवकरण वामनिया का विशेष योगदान रहा।

# शाजापुर जिले में 2 से 4 अगस्त तक जिले मे रहेगी समरसता यात्रा- तैयारियों में जुटा प्रशासन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संत शिरोमणि रविदास जी की समरसता यात्रा 2 से 4 अगस्त तक शाजापुर जिले में रहेगी, जिसमें स्वागत व जनसंवाद कार्यक्रम होगा। 2 अगस्त को शाम 6 बजे यात्रा चौमा से होते हुए मोहन बडोदिया में पहुंचेगी, जहां यात्रा का स्वागत होगा और रात्रि विश्राम सारंगपुर (जिला-राजगढ़) में रहेगा।

इसी तरह यात्रा 3 अगस्त 2023 को सारंगपुर में जनसंवाद कार्यक्रम होगा और उसके बाद यात्रा फिर शाजापुर जिले में आएगी, जहां पनवाड़ी, अभयपुर, सुनेरा में यात्रा का स्वागत होगा व शाजापुर में जन संवाद होगा। उसके पश्चात बेरछा सुन्दरसी, रानी बड़ोद व अकोदिया में स्वागत होगा व अकोदिया में रात्रि विश्राम होगा। इसी तरह 4 अगस्त को अकोदिया से यात्रा चलेगी। मोहम्मदपुर में स्वागत, शुजालपुर में जन संवाद, जेठडा जोड, खेजडिया, अवंतिपुर बडोदिया में स्वागत होगा। पोलायकलां में जन संवाद होगा। इसके पश्चात शाम 6 बजे पोलायकलां से यात्रा पिपलरावां देवास के लिए प्रस्थान करेगी। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष टैगोर ने बताया कि शाजापुर जिले में संत शिरोमणि रविदास जी की समरसता यात्रा का आयोजन 2 से 4 अगस्त तक किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को यात्रा के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं यात्रा के सफल आयोजन के लिए निर्देशित किया। साथ ही महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी को निबंध, कलां, सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने एवं प्रमाण-पत्र वितरण करने, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को ग्रामों में दीवार लेखन, प्रचार-प्रसार के लिए ढोंडी पिटवाना व मिट्टी, जल लाने, महिला बाल विकास विभाग एवं ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग को कलश यात्रा के लिए जवाबदारी सौंपी गई हैं। इसी तरह नगर पालिका, नगर परिषद व जनपद पंचायत को समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई हैं।

# बच्चों में राष्ट्रप्रेम जगाना माता-पिता और गुरूओं का दायित्वः पं. नागर

## अभयपुर के गुरूकुल में बच्चों को मिला पं. नागर का सान्निध्य





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार का बीजारोपण विद्यालयों में ही संभव है और यदि विद्यालय गुरुकुल पद्धति से संचालित है तो विद्यार्थियों के लिए सोने पर सुहागा सिद्ध होगा। गुरु और माता पिता विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करें।**

उक्त मार्गदर्शन के मालवा के संत राजेश्वर नागर द्वारा गुरुकुल आश्रम अभयपुर में संचालित गायत्री एकेडमी और गुरुकुल उमावि में विद्यार्थियों को दिया। संत श्री नागर ने बताया कि विद्यार्थियों में संस्कार विकसित करने के साथ साथ विद्यालयों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों के परिवार और परिवेश को भी सुसंस्कारित करें। परिवार के सदस्य यदि दुर्व्यसन करते हो तो उनसे संपर्क उन्हें दुर्व्यसन न करने के लिए समझाएं, ताकि उनका कुप्रभाव उनकी संतान पर न पड़े। विद्यार्थियों के बीच आकर उनसे मिलना और चर्चा करने से ईश्वर की निकटता का आभास होता है। गुरुकुल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संत के दर्शन और मार्गदर्शन ये दोनों ईश्वर कृपा से ही संभव है। संत राजेश्वर नागर उस समय अभिभूत हो गए जब कार्यक्रम समाप्ति पर सभी विद्यार्थियों ने एक साथ उन्हें जय श्री कृष्ण बोलकर प्रणाम किया। संत श्री नागर ने इस प्रणाम पद्धति के लिए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, ग्रामीण जन और दोनों संस्थाओं के प्राचार्य चंद्रप्रकाश पाटीदार, सुनील चौहान आदि उपस्थित थे। संचालन गुरुकुल के प्रबंध संचालक मनोहर राय ने किया।

# श्री कुबेरैश्वर धाम महादेव मंदिर आलोट पर लगा भक्तों





**आलोट /राकेश चोहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रतलाम जिले के आलोट में प्रसिद्ध स्थल श्री कुबेरैश्वर धाम महादेव मंदिर पर सुबह 7:00 बजे आरती के बाद लगा भक्तों का ताता लगा हिंगलाज माता महिला मंडल द्वारा विक्रमगढ़ से पैदल चलकर आए महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर नाचते गाते हुए कुबेरैश्वर धाम मंदिर पहुंचकर जल चढ़ाया वही लक्ष राजदीप राठौड़ द्वारा शाम को 5:00 आकर्षक सिंगार किया गया 7:00 पंडित श्री मुरलीधर जी शर्मा द्वारा महा आरती की गई आरती के पश्चात समिति द्वारा प्रसाद वितरण की गई यह स्थान आलोट जावरा आगर रोड पर स्थित है हजारों संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिए।

# संसार का सब काम कर देना है, पर अपना असली ध्येय, लक्ष्य, उद्देश्य केवल परमात्मा की प्राप्ति ही रखना है

## वास्तव में सत्ता एक परमात्मा की ही है -पंडित बिरेन भाई शास्त्री गुजरात

### गिरिराज महाराज जी को 56 भोग भी लगाया



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संसार का सब काम कर देना है, पर अपना असली ध्येय, लक्ष्य, उद्देश्य केवल परमात्मा की प्राप्ति ही रखना है । वास्तव में सत्ता एक परमात्मा की ही है द्य संसार की तरफ आप ध्यान दें तो यह सब मिटने वाला है और निरन्तर मिट रहा है । आप अपनी तरफ देखें कि जब आप अपनी माँ के पेट से पैदा हुए, उस समय शरीर की कैसी अवस्था थी और आज कैसी अवस्था है । संसार निरन्तर बदलने वाला है और परमात्मा निरन्तर रहने वाले हैं । संसार रहने वाला है ही नहीं और परमात्मा बदलने वाले हैं ही नहीं । वे परमात्मा हमारे हैं और हम परमात्मा के हैं । इसमें दृढ़ता होनी चाहिये। उक्त उद्गार परम विद्वान वेदांत आचार्य बिरेन भाई शास्त्री अहमदाबाद ने शांति वाटिका में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर कही। जन्मोत्सव पर मनोरथी परिवार डॉ ललित गुप्ता, डॉ वल्लभ गुप्ता, डॉ कामेश गुप्ता ने नंद बाबा बनकर व्यास पीठ पर पूजन किया।साथ ही पंचम दिवस पर श्री गिरिराज महाराज जी की कथा का सुंदर चित्रण भी किया एवं गिरीराज महाराज को 56 भोग भी लगाया।आज के शुभ अवसर पर श्री माखनसिंह चौहान कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन, प्रदीप पांडेय पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद् भोपाल, मदन मोहनजी की हवेली के मुखिया प्रभुलाल शर्मा, इंद्रजीत उपाध्याय, बहादुर सिंह बोरमुंडला जिला अध्यक्ष भाजपा उज्जैन,बलराज भट्ट खाचरोद, शांतिलाल धाबाई, सुकमाल जैन, प्रेमचंद द्वितीय, रामनिवास नवहाल, राजेंद्र अग्रवाल, विजय गोखरू, श्याम शर्मा अध्यक्ष भाजपा, यशवंत अग्निहोत्री,राजपाल सिंह राठौर,गणेश रावल,महेश शुक्ला पूर्व पार्षद, अंकित त्रिवेदी आदि ने व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।सभी का स्वागत आयोजन समिति के सदस्य कनु भाई गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता,गौरव गुप्ता, मृदुलराज व्यास,वासु गुप्ता, जगदीश उपाध्याय, विजय नीमा, अभिषेक कावडिया, रोहित नीमा ने किया । संचालन सुनील शुक्ला ने किया। उक्त जानकारी गौरव गुप्ता ने दी ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के आवासो का गृह प्रवेश कार्यक्रम 1 अगस्त को

**धार मनीष जैन/ दैनिक मालवा हैराल्ड ।**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के आवासो का गृह प्रवेश एवं सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आर.सी.पी. वी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल से 1 अगस्त को अपरान्ह 03.00 बजे सीधा लाइव प्रसारण किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ला ने बताया कि जिले की समस्त 11 नगरीय निकायो में विभिन्न स्थान चयनित किये जाकर नगर पालिका धार में हाथीथान, पीथमपुर में पालिका परिषद केम्पस, मनावर, सरदारपुर, राजगढ़, बदनावर में कार्यालय भवन के सभाकक्ष तथा मांडव, धामनोद, धरमपुरी, कुक्षी, डही में कार्यालय भवन परिसर में आयोजन रखा गया है। उक्त आयोजन अन्तर्गत कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियो हेतु छाया, पानी, प्रकाश, मंच, बैठक इत्यादि व्यवस्था संबंधित नगरीय निकायों द्वारा सुनिश्चित की जाकर कार्यक्रम में एलईडी से सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई है तथा कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधियों, विधायक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदो को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत चयनित पात्र हितग्राहियो की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि आन्तरित की जाना है। जिले की समस्त निकायो में उल्लेखित योजना अन्तर्गत कुल एक हितग्राही राशि रूपये 0.40 लाख प्रथम किश्त अन्तर्गत, कुल 109 हितग्राही राशि रूपये 109.00 लाख द्वितीय किश्त अन्तर्गत कुल 244 हितग्राही राशि रूपये 122.00 लाख तृतीय किश्त अन्तर्गत इस प्रकार कुल 354 हितग्राहियों के खाते में राशि रूपये 231.40 राशि अन्तरित की जावेगी। समस्त निकायों में योजनान्तर्गत भूमिपूजनं हेतु एक हितग्राही तथा गृह प्रवेश हेतु कुल 550 हितग्राही चयनित किये जाकर गृह प्रवेश किया जावेगा। जिला मुख्यालय नगर पालिका धार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्रीजी द्वारा हितग्राहियों से भी संवाद किया जावेगा।

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के वंचित व्यक्ति तक को दिलाएः उद्योग मंत्री दत्तीगांव

**मंत्री ने 1 करोड़ 15 लाख लागत के नवीन एसडीएम कार्यालय भवन का किया लोकार्पण,»»कानवन में भी 1 करोड़ 8 लाख लागत से बने टप्पा तहसील कार्यालय का हुआ लोकार्पण,**



**बदनाव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास पर्व के तहत सोमवार को यहां 1 करोड़ 15 लाख लागत से बने एसडीएम कार्यालय के नवीन भवन का प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागरिक आपूर्ति निगम उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने की। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ प्रह्लादसिंह सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कुलदीपसिंह पिपलीपाडा, सांसद प्रतिनिधि महेंद्रसिंह सक्तावत, नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, नप उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पँवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जहाँगीर लाला, चारो मंडल अध्यक्ष अक्षय शर्मा, नारायण सिंह देवड़ा, मुन्ना लाल पटेल, धर्मेंद्र राठौड़, खेड़ा सरपंच योगेश मुकाती, पार्षद जितेंद्र शर्मा आदि विशेष अतिथि रूप में मंचासीन थे। लोक निर्माण विभाग पीआईयू के ईई सन्दीप शर्मा, ठेकेदार कृष्णा वर्मा, एसडीएम मेघा पँवार, तहसीलदार मुकेश बामनिया, नायब तहसीलदार महेंद्रसिंह चौहान, एसडीएम रीडर सन्दीप द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश गोयल, पटवारी मोहन सिंह बुंदेला, शांतिलाल पाटीदार, कविता पाटीदार, अशोक खेनवार, लोकेन्द्रसिंह राठौड़, आरिफ मंसूरी, ऋषि वर्मा , कालूराम सिर्वी, भंवरलाल बारोड, फूड इंस्पेक्टर अरविंद वर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण तहसीलदार मुकेश बामनिया ने दिया।

इस मौके पर मंत्री दत्तीगांव ने संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व संबंधित कामो के लिए ग्रामीण अंचल के लोग यहां आते है तो उनके कामो को पटवारी समेत अधिकारी व कर्मचारी सक्रियता से निपटाए। गांवो के लोगो को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था एसडीएम यहाँ करे। उन्होंने एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व गांव बनाने के लिए जिन गांवो के प्रस्ताव लिए गए उनकी प्रक्रिया जल्द पूरी कर राजस्व गांव बनाए। मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में विकास पर्व मनाया जा रहा है। इसको लेकर क्षेत्र में करोड़ो के विकास कार्यो के लोकार्पण व भूमिपूजन किए जा रहे है। सरकार ने हर वर्ग की चिंता कर योजनाएं बनाई है।

# निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक सेक्टर अधिकारी जिम्मेदार -कलेक्टर सिंह

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह कीअध्यक्षता में सोमवार को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 31 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मनीषा कौल, अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आगर- बडौद श्री सत्येन्द्र बैरवा, अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुसनेर नलखेडा सुश्री किरण वरबडे आदि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि सेक्टर ऑफिसर अपने निर्धारित सम्पूर्ण सेक्टर में सभी मतदान केन्द्रो के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया' पूर्ण होने तक के लिए जिम्मेदार है। वल्नरेबल मतदान केन्द्रो के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में जानकारी अनुबंध -1 अनुसार तैयार करें। सेक्टर अधिकारी जितनी गंभीरता के साथ अपने-अपने अपने सेक्टर की जानकारी एकत्रित करेंगे उतनी ही सुगमता के साथ मतदान सम्पन्न होगा।विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पिछले संसदीय निर्वाचन में पंजीकृत निर्वाचन अपराधों की संख्या, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पिछले विधानसभा निर्वाचन अपराधों की संख्या, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पिछले स्थानीय निकाय / पंचायत में पंजीकृत निर्वाचन अपराधों की संख्या की जानकारी दें। पिछले एक वर्ष में क्षेत्र में पंजीकृत गंभीर आपराधिक मामलें, पिछले संसदीय निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले, पिछले विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले, पिछले साधारण निर्वाचन या किसी उप निर्वाचन में पुनर्मतदान हुआ हो तो उसका विवरण गंभीरता पूर्वक दें, मद्य निषेध कानून




से संबंधित मामले, निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन नामावली से संबंधित मतदान पूर्व शिकायतें, पूर्व शिकायतों का विवरण, नार्कोटिक ड्रग्स एवं सायकोट्रॉपिक सब्स्टेन्सेज एक्ट का उल्लंघन करने वाले मामलों का विवरण दें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जावे जो मतदान को प्रभावित कर सकते है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावशाली / दबंग आदि व्यक्तियों को सूचिबद्ध कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, ऐसे व्यक्ति जो वर्तमान में जेल में निरूद्ध है उनकी जानकारी एकत्रित की जाए। विगत चुनाव में जिन मतदान केन्द्रो पर मतदान का बहिष्कार हुआ है उनकी जानकारी एकत्रित कर ग्रामीणों से चर्चा की जावे एवं बहिष्कार के कारणों को जाने। वारंटियो की सूची, आदतन अपराधियों की सूची दुरस्त कर ली जावे। विगत विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान एफ.एस.टी./एस.एस.टी. द्वारा दर्ज किए गए मामलो की जानकारी अपडेट की जावे ।

ऐसे मतदान केन्द्र जहां विगत चुनाव के दौरान 90 प्रतिशत से अधिकारी मतदान हुआ हो एवं 75 प्रतिशत से अधिक मत एक ही प्रत्याशी को मिले हो। ऐसे मतदान केन्द्र जहां 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हो, री-पोल वाले मतदान केन्द्र एवं ऐसे मतदान केन्द्र जहां किसी प्रकार की हिंसा या पुलिस प्रकरण दर्ज हुआ हो वहां पहुंचकर जानकारी एकत्रित की जावे ।

### हवा-हवाई आंकडे प्रस्तुत न करें

बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि हवा-हवाई आंकडो पर आधारित जानकारी न दें, आंकडो का मिलान कर पूर्ण संतुष्टी से ही जानकारी दें। सेक्टर का भ्रमण कर जानकारी एकत्रित की जावे। बिना मेहनत कार्यालय में बैठक एकत्रित की गई जानकारी परेशानी उत्पन्न कर सकती है। लोगो से मिलकर सही जानकारी निकालें। जानकारी भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जावेगी। आपके द्वारा यदि गलत जानकारी दी जावेगी तो चुनाव आयोग द्वारा तत्काल कार्यवाही की जावेगी ।

### संयुक्त रूप से भ्रमण कर जानकारी एकत्रित करें

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदान केन्द्रो के संबंध में एएमएफ से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जावे। सेक्टर एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर मतदाताओं से चर्चा करें। सर्वाधिक मतदान एवं सबसे कम मतदान केन्द्र वाले मतदान केन्द्रो पर विशेष रूप से ध्यान दिया जावे। वल्नरेबल मतदान केन्द्रो के संबंध में 7 प्रपत्र में जानकारी एकत्रित की जाकर समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाना है।

### पीपीटी के माध्यम से दिया प्रशिक्षण

बैठक में स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स प्रो. सुशील कटारिया एवं रजनीश स्वर्णकार ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 03 अगस्त से 10 अगस्त 2023 की अवधी में सेक्टर अधिकारी अपने आवंटित मतदान केन्द्रो पर बीएलओ की उपस्थिति में निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे। 5 जनवरी 2023 से अब तक की अवधी में निरसित किए गए मतदाताओं के संबंध में जांच की जाना है एवं निरसित किए गए मतदाताओं की जानकारी संधारित की जाना है। सेक्टर ऑफिसर यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन मतदाताओं के नाम निरसित किए गए है वे किसी राजनीतिक दबाव में आकर या अनुचित रूप से निरसित न किए गए हो। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सक्रियता से भाग लेकर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करें। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशो का पालन करें एवं अपने सुझाव भी रिटर्निंग ऑफिसर से साझा किए जा सकते हैं।

संजीव-नी।

### फ़क़ीरों को भला किसका डर होगा

*फ़क़ीरों को भला किसका डर होगा,*
*है खुदा, तो भला किसका डर होगा।*
*खुशियाँ बांटिए, तेजी से हैं बढती,*
*गमों का भला हम पर क्या असर होगा।*
*उसके लिए है हर पल आनंद ही आनंद*
*फसानों का भला उस पर क्या कहर होगा।*
*दो पल की माया है दौलत, शोहरत,*
*फकीरों के लिए यह बड़ा जहर होगा।*
*खुशी और गम,सिक्के के दो पहलु,*
*सोचो गम न हो तो कैसा शहर होगा।*
*जिंदगी की जंग जीतेगा वहीं,*
*जो ईमान का सच्चा हमसफ़र होगा।*
*आज जी ले,जोश जूनून के संग,*
*अगला पल,बेइंतहा बेहतर होगा।*
*कर उपवास ईश्वर के नाम संजीव,*
*ऊपर वाला ही तेरा रहबर होगा।*

**-संजीव ठाकुर**

भावनानी के भाव

### प्राकृतिक संसाधनों को बचाना है

*प्राकृतिक संसाधनों को बचाना है*
*प्राचीन संस्कृति का युवाओं में प्रसार करना है*
*विश्व में भारत का नंबर वन बनाना है*
*आत्मनिर्भर भारत करने हर उपचार अपनाना है*

*भारत में उत्पादित चीजें अपनाना है*
*इसी अस्त्र से विश्व राजा का ताज़ पहना है*
*स्टार्टअप इनोवेशन को आगे बढ़ाना है*
*हमें शक्तिशाली राष्ट्रीय अभियान चलाना है*

*सर्वशक्तिमान मनीषियों को चेताना है*
*हमें अपनी नदियों तालाबों को तात्कालिक*
*जीवनदायिनी भावना से बचाना है*
*चिर परिचित भारतीय संस्कृति को अपनाना है*

*नदियों तालाबों को सदैव ही उनकी*
*जीवनदायिनी शक्ति के लिए सम्मानित किया है*
*उस सम्मान को हम मनुष्यों ने*
*जी तोड़ कोशिश कर बचाना है*

*शहरीकरण और औद्योगीकरण है कारण इसका*
*आधुनिकीकरण और लालच ने सभ गंवाया है*
*इकोसिस्टम को नष्ट करके*
*मानवीय सुखचैन सभ गंवाया है*

**- एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया**

### कब तलक फ़ाक़ा करे...?

*कोई ग़ैरतमंद इसको, कब तलक भोगा करे?*
*अपना साया दूसरे के, पांव में सजदा करे।।*
*इस तरह सच को छुपाया, उसने अपने झूठ से।*
*जिस तरह कोई बरहना हो, मगर पर्दा करे।।*

*दीन पे क्यूं कर किसी के, मैं उठाऊं उंगलियां?*
*बेवफ़ा गर बेवफ़ाई, ना करे तो क्या करे?*
*एक-दो दस-बीस दिन की, बात हो तो ठीक है।*
*दिल बिचारा पेट के संग कब तलक फ़ाक़ा करे?*

*पीठ पे जो ज़ख़्म दे के, बाद में मरहम रखे।*
*क्या भरोसा हो अगर, वो प्यार का दावा करे?*
*उम्र भर सहता रहा हूं, मैं उजालों के सितम।*
*किसलिए कोई अंधेरा, अब मिरा पीछा करे?*

*रास्ते का ख़ार हूं मैं, उसको है फूलों की चाह।*
*किसलिए तक़दीर उसके, ज़ुल्म की चर्चा करे?*
*दिन में भारी भीड़ है, हैं भीड़ में रुसवाइयां।*
*हमने ग़म से कह दिया है, रात को आया करे।।*

**-प्रणय प्रभात**

### ये आज़ादी है

*आज*
*मणिपुर*
*क्यों?*
*एक दंगाई भूमि के रूप में*
*दिखाता है?*
*नरसंहार...*
*सरकार भी*
*एक तरफ रहो*
*दूसरी तरफ़*
*औरत*
*कुरूप*
*अश्लीलता...*
*क्रियाएँ...*
*क्या यह टेप है?*
*कोई जला नहीं...*
*ऐसा देश*
*इसे आग में बदल दो*
*क्या हमने चीनी खरीदी?*
*यही प्रश्न हैं*
*यहीं पले-बढ़े*
*जवाब क्या है...*
*आज़ादी?*
*वह क्या है? वह*
*शाखा प्रश्न हैं*
*नवोदित...*

**-ओत्तेरी सेल्वा कुमार**

### क्या यहीं रह जानी है नियति

*खुद को शोषित मानने वाले*
*जरा अब तो सोचिए,*
*कुछ तो विचारिए,*
*नजारों का अवलोकन कीजिए,*
*जोर दे दिमाग को चिंतन कीजिए,*
*और अंत में फिर मनन कीजिए,*
*धुंधला सा कुहासा*
*देगा थोड़ा थोड़ा छंटा हुआ,*
*नीचे की ओर ही*
*क्यों दिख रहे हैं लुढ़कते,*
*फिर रहे हैं मारा मारा भटकते,*
*संसाधनों के बंटवारे में*
*क्यों जा रहे सिमटते,*
*कौन है वो जो खाये जा रहा है*
*हमारे हिस्से के सर्वस्व हक,*
*संसाधनों के साथ हमारी प्रकृति,*
*छोड़े जा रहे हैं विकृति,*
*क्या यहीं रह जानी है हमारी नियति?*

**-राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़**

### क्षणिकाएं

**तीर कमान**

*चमचे उनके सम्मान में*
*करते हैं यशोगान*
*मगर पीठ पीछे उन्हीं पर*
*चलाते हैं तीर कमान*

**मेहरबान**

*वे किस्मत के सिकन्दर निकले*
*जब-जब भी*
*उन्हें अवसर मिले*
*आरक्षण सदा ही*
*उन पर मेहरबान रहा*
*हर क्षेत्र में आगे*
*उनका खानदान रहा*

**सरकारी गोदाम**

*उस अधिकारी का*
*अब यही रह गया है काम*
*अपने पेट को बना लिया*
*सरकारी गोदाम*

**काबिल बेटा**

*ट्रक भरके जो बेटा*
*दहेज लाता हैं*
*वह पिता की नज़र में*
*काबिल बेटा माना जाता हैं*

**-रमेश मनोहरा**

## कभी नहीं भुलूंगा अकोदिया का कार्यकाल नायब तहसीलदार को नगरवासियों ने दी भावभीनी विदाई



**अकोदिया/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां के लोगों ने मुझे काफी सहयोग दिया। सभी के सहयोग से यह समय अच्छा बीता जो मेरे जहन में हमेशा ताजा रहेगा और यहां का कार्यकाल मैं कभी नहीं भुलूंगा। यह बात अकोदिया के नायब तहसीलदार ने अपने स्थानांतरण को लेकर आयोजित किए गए समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी सभी लोगों ने सहयोग देते हुए प्रशासन की गाईडलाईन का पालन किया। जिससे हम सब ने मिलकर इस कठिन समय को निकाला। आगे भी मेरी आप लोगों से यही अपेक्षा है कि शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपना इसी तरह सहयोग देते रहें। दरअसल श्री सांवले ने अपनी जान जोखिम में डालकर भी लोगों से गाईड लाईन का पालन करवाया था। उन्हीं के प्रयासों का परिणाम था कि वह समय गुजर गया और लोग भी स्वस्थ होते गए। श्री सांवले ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए लोगो की समस्याओ का समाधान भी किया था। उनका स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथि कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र मेहता, नगर विकास मंच संयोजक बाबूलाल मेहता, अशोक डागा, पारस जैन मोहना वाले, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्राइट स्टार हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालक नरेंद्र मेहता ने नायब तहसीलदार श्री सांवले का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष परमार ने किया व आभार राहुल विश्वकर्मा ने माना।

## हायर सेकेंड्री स्कूल प्रचार्य पद पर गोविंद सिंह मालीवाड़ ने किया पद भार ग्रहण

### स्कूल के शिक्षकों ने किया स्वागत




**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गोविंद सिंह मालीवाड़ जी ने एकीकृत शा उ मा वि बड़ावदा स्कूल के प्राचार्य पद पर पदभार ग्रहण किया । श्री मालीवाड़ जी गड़गड़िया मे हाई स्कूल प्राचार्य पद पर लगभग 10 वर्ष से कार्यरत थे।आप पूर्व में भी 2 बार बड़ावदा के प्रभारी प्राचार्य के रूप मे कार्य कर चुके है।तीसरी बार आप का फुलफ्रेस प्रचार्य के पद पर प्रमोशन होकर इस बार आये है।संस्था के सभी शिक्षक श्रीमती माया सोनी,ज़ाहिद शाह खान,अकील एहमद पठान, बद्रीलाल मडोतिया,प्रहलाद पाटीदार, श्रीमती अंतिम मौर्य,श्रीमती ज्योति बाला शर्मा, घनश्याम पाटीदार, कृष्ण पाल त्रिपाठी, सुरेश कुमार व्यास, अजय कुमार रावल,शान्तिलाल कुमावत,मुकेश बैरागी,मांगीलाल जाटव, गणेशराम आद्रा, कृष्णचन्द्र सक्सेना, जितेंद्र बग्गड़, ईश्वर लाल परमार,अर्जुन अलोलिया,भरतलाल परमार,अंकित जायसवाल,शैलेंद्र सिंह सिसोदिया,महेश पाटीदार, राजेंद्र सिंह डोडिया,दिनेश पौराणिक,सुश्री रीना प्रजापत,विजय बोरीवाल,यशवंत यादव,रोहन कदम ने स्वागत किया।

### जीवन रण लड़कर मरेगा!

*कब सुखद मकरंद मिलेगा?*
*धुंध यह कबतक छंटेगा,*
*रेगिस्तान सा प्रश्न मन में,*
*जल इसे कबतक मिलेगा?*

*है नहीं आसान राहें,*
*जकड़ रखी है दोनों बाहें।*
*विपदाओं के नागपाश को,*
*कब गरुड़ का राह दिखेगा?*

*हर लिया गया उजाला,*
*गुम नभ से प्रभा प्याला,*
*जुगनुओं की अबूझ तलाश में,*
*मन किधर कबतक चलेगा?*
*पर....*

*लगता है मन को,*
*क्यों यह डरकर रहेगा?*
*मरना यदि है ही तय तो,*
*जीवन रण लड़कर मरेगा।*

**-आशीर्वाद कुमार मिश्र**

## ज़ी अनमोल सिनेमा लेकर आया है 'शनिवार की रात, सितारों के साथ' -आपके चहेते सितारों की सबसे चहेती फिल्मों से सराबोर एक बेमिसाल धमाल!




**जीएनएस।** जज़्बातों से चलती है आपकी दुनिया, और आपके जज़्बातों से चलते हैं हम ... इस एक लाइन में समाया है ज़ी अनमोल सिनेमा का सार, एक ऐसा चैनल जिसे बेइंतेहा चाहता है सारा देश। इस चैनल ने हमेशा नए भारत, उसके जज़्बातों, उसकी मनोरंजन की जरूरतों और पसंद को लेकर अपनी गहरी समझ साबित की है। खास तौर पर तैयार किए गए अपने कॉन्टेंट के साथ यह चैनल लगातार अपने दर्शकों की पसंद का ख्याल रखने का जज़्बा रखता है। अपने ब्रांड के वादे - 'आपकी फैमिली का सिनेमा हॉल' पर खरा उतरता यह चैनल इस सीज़न में एक बार फिर अपनी मेगा प्रॉपर्टी 'शनिवार की रात, सितारों के साथ' में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में लेकर आया है, जिन्हें पूरा परिवार मिलकर एंजॉय कर सकता है। इस प्रॉपर्टी में आपके चहेते सितारों की सबसे चहेती ब्लॉकबस्टर फिल्में दिखाई जाएंगी, साथ ही दर्शकों को ऐसी फिल्में देखने का भी मौका मिलेगा जो इस चैनल पर पहले कभी नहीं दिखाई गईं! तो शुरू होगा मनोरंजन का यह सिलसिला, हर शनिवार शाम 7 बजे से, सिर्फ ज़ी अनमोल सिनेमा पर!

29 जुलाई को शुरू होगा धर्म और अधर्म का महायुद्ध! आप भी इस बेमिसाल अनुभव के लिए तैयार हो जाइए, जहां यह चैनल आपके लिए ला रहा है फिल्म 'आचार्य', जिसमें पहली बार नजर आएंगे मेगा स्टार चिरंजीवी और मेगा पावर स्टार राम चरण, यानी रियल लाइफ बाप-बेटे की दमदार जोड़ी! इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह मां जगदंबा के भक्त 'धर्मस्थल' की पावन धरती पर अधर्म का नाश करके शांति कायम करने सीना तानकर सामने आते हैं। शानदार नज़ारों, जबर्दस्त एक्शन और असरदार डायलॉग्स से लबरेज़ इस फिल्म में बेहद टैलेंटेड सोनू सूद और खूबसूरत एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

आने वाले हफ्तों में भी 'शनिवार की रात, सितारों के साथ' इसी तरह ब्लॉकबस्टर फिल्मों की बरसात करता रहेगा, जिनमें 'मास महाराजा' रवि तेजा के अभिनय से सजी असली एंटरटेनर फिल्म 'बिग धमाका' भी शामिल होगी। इसके साथ ही धमाकेदार एक्शन, ड्रामा और रोमांस की कशिश लेकर आएंगे टाइगर श्रॉफ, जो फिल्म 'हीरोपंती 2' में अपराध की काली दुनिया से जंग लड़ते नजर आएंगे। इसके बाद 'कार्तिकेय 2' में होगा रहस्य और रोमांच का एक अद्भुत संसार, जो भगवान श्री कृष्ण की विराट महिमा से प्रेरित है। इसी तरह 'बिंबिसारा' एक ऐसी फिल्म है, जिसमें समय में यात्रा करने वाले एक शक्तिशाली और पराक्रमी राजा की महान कहानी है। और फिर आएगी अल्टीमेट पारिवारिक कॉमेडी फिल्म 'थैंक गॉड', जिसमें होंगे आपके चहेते सुपरस्टार अजय देवगन और हमारे अपने 'शेरशाह' यानी सिद्धार्थ मल्होत्रा!

लेकिन रोमांच यहीं खत्म नहीं होता! इस कड़ी में चैनल की तरफ से अपने दर्शकों के लिए 'प्रीमियर देखो, टॉक टाइम जीतो' नाम का एक अनोखा कान्टेस्ट भी चलाया जा रहा है, जिसमें हर हफ्ते 100 भाग्यशाली प्रतिभागियों को टॉक टाइम जीतने का मौका मिलेगा! उन्हें सिर्फ स्क्रीन पर दिखाए जाने वाले सवाल का जवाब देना है और अपने जवाब के मुताबिक दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल करना है।

**तो फिर आपको किस बात का इंतजार है? अपनी तारीखें तय कर लीजिए और 'शनिवार की रात, सितारों के साथ' में देखिए अपने चहेते सितारों की सबसे चहेती फिल्में, हर शनिवार शाम 7 बजे से, सिर्फ ज़ी अनमोल सिनेमा पर।**

## नगर भ्रमण पर निकले महाकाल, दर्शन पाकर भक्त हुए निहाल

**अकोदिया/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रावण माह में श्रद्धालु महादेव को प्रसन्न कर रहे हैं और प्रतिदिन सुबह-शाम महादेव की भक्ति में लीन है। सुबह जहां शिव मंदिरों में भक्तों की कतार लग रही है। वहीं हर सोमवार को निकलने वाली सवारी में भी भक्त बाबा के दर्शन पाकर निहाल हो रहे हैं। श्रावण के चतुर्थ सोमवार को भी सीताराम पेनल के तत्वावधान मे भगवान भोलेनाथ की सवारी निकाली गई। जिसमें बेंड बाजे व ढ़ोल व आतिशबाजी ने सवारी का आकर्षण बढ़ा दिया। शाम 5 बजे श्री हनुमान मंदिर से सवारी प्रारम्भ हुई जो जाटपुरा, बोलाई रोड, कबूतर खाना, सब्जी बाजार, अहिंसा द्वार, टप्पा चौराहा, शिवाजी मार्केट होते हुए झंडा चौक स्थित श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पहुंची। जहा आरती कर प्रसादी वितरण किया गया।

## श्री रविंद्र ध्यान आश्रम पर राजेंद्र सूरी जी की पूजा का हुआ आयोजन

**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नामली के समीप श्री रविन्द्र आश्रम ध्यान केंद्र पर हर माह की तेरस पर विश्व पूज्य प्रातः स्मरणीय श्रीमद् विजय राजेंद्र सुरीश्वर जी महाराजा की पूजन पढ़ाई जाती है। जिसके अंतर्गत रविवार को श्री संघ अध्यक्ष मानमल सकलेचा परिवार द्वारा आयोजन किया गया। पूजन श्री राजेंद्र महिला परिषद बड़ावदा द्वारा पढ़ाई गई। आरती के बाद प्रसादी वितरण हुआ। लाभार्थी



परिवार द्वारा प्रभावना वितरित की गई। यहां हर माह तेरस को पूजन सहित अन्य धार्मिक आयोजन होते है । आचार्य श्री रविंद्र सुरीश्वर जी जब भी क्षेत्र से विहार करते थे यहां वे ध्यान साधना में लीन रहते थे। इस अवसर पर श्री मोहनखेड़ा तीर्थ के ट्रस्टी बाबूलाल खेमसरा श्री पालिताना तीर्थ ट्रस्टी महेन्द्र ओरा (गोटू) , ज्ञानचंद चत्तर, राजकुमार मूणत,महावीर गादीया, पुखराज चत्तर, सुशील सकलेचा, राकेश चत्तर, शिरीष सकलेचा, राजेश बाफना, शुभम मेहता, अक्षय सकलेचा , हर्षित चत्तर, मयंक सकलेचा सहित परिजन आदि मौजूद थे।

## स्क्रीन से वास्तविक जीवन तकः सोनी सब के दिल दियां गल्लां के वीर अमृता और रिया ने अपनी मजबूत ऑफ़-स्क्रीन दोस्ती का खुलासा किया

**जीएनएस।** टेलीविज़न सेट पर होने वाली दोस्ती अक्सर सह-कलाकारों के बीच एक खास और अनोखा रिश्ता बनाती है। शूटिंग के दौरान काफी समय साथ बिताने से मजबूत बॉन्ड और स्थायी कनेक्शन बनता है, जो उनके जीवन में खुशी और अर्थ जोड़ता है। ये वास्तविक रिश्ते टीवी शो के अनुभव को समृद्ध बनाते हैं।



ऐसा ही एक रिश्ता सोनी सब के दिल दियां गल्लां में मौजूद है, जहां पारस अरोड़ा (वीर के किरदार में), हेमा सूद (रिया की भूमिका निभा रही हैं) और कावेरी प्रियम (अमृता की भूमिका में) एक अनोखा और मजबूत कनेक्शन साझा करते हैं। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और सौहार्द हर एपिसोड में स्पष्ट रूप से दिखती है, लेकिन उनका ऑफ़-स्क्रीन रिश्ता भी वास्तव में उन्हें अलग बनाता है। लंच ब्रेक में अपना लंच शेयर करने से लेकर सेट पर चाय और पकौड़ों के साथ मानसून के आनंदमय पलों का आनंद लेने तक, पारस, कावेरी और हेमा ने विश्वास, समझ और आपसी समर्थन के अटूट बॉन्ड से एक वास्तविक दोस्ती बना ली है।

अमृता का किरदार निभाने वाली, कावेरी प्रियम ने कहा, पारस, हेमा और मैंने सेट पर एक साथ काफी समय बिताया है, जिससे हमारे बीच बेहद करीबी और गहरा रिश्ता विकसित हुआ है। हम एक-दूसरे के लिए लगातार मौजूद रहते हैं, एक-दूसरे की खूबियों और खामियों से पूरी तरह वाकिफ हैं। वे दोस्त और सह-कलाकार के रूप में मेरे जीवन में बेहद खास जगह रखते हैं और मैं उन्हें पाकर बहुत आभारी हूं। हेमा और मेरे बीच का रिश्ता असाधारण है; वह किसी असली बहन की तरह महसूस करती है और हमेशा अटूट समर्थन देती है। ऑफ-स्क्रीन, मुझे पूरा यकीन है कि ज़रूरत के समय में, मैं इन दोनों पर पूरा भरोसा कर सकती हूं।

वीर का किरदार निभाने वाले, पारस अरोड़ा ने कहा, हेमा और कावेरी के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा है, और हमने साथ में जो भी समय बिताया है, उससे हमारी दोस्ती गहरी होती गई है। हम एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं, और अपनी ताकत और कमज़ोरियों दोनों को जानते हैं। वे प्रतिभाशाली सह-कलाकार और शानदार व्यक्ति हैं, जिनकी ऊर्जा और खुशी सेट पर चारों तरफ फैलती है। हम एक साथ बहुत मज़ा करते हैं, शरारतें करते हैं और शूटिंग के कठिन शेड्यूल को भी मनोरंजक बनाते हैं। वे ऑफ़-स्क्रीन भी भरोसेमंद सहयोगी बन गए हैं, जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उनका मेरे साथ होना किसी अनमोल उपहार की तरह है, जो हमारे साझा सफर को वास्तव में खास बनाता है।

रिया का किरदार निभाने वाली हेमा सूद ने कहा अमृता और वीर दोनों ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमें ब्रेक के दौरान इंस्टाग्राम रील्स बनाना पसंद है, जिससे शूटिंग में और भी मज़ा आता है। अपने चंचल पहलू और संबंधों को नए तरीके से प्रदर्शित करना हमारा पसंदीदा टाइमपास है। हंसी-मज़ाक के ये पल तनाव को एकदम दूर करने वाले होते हैं, जिससे शूटिंग सिर्फ काम के बजाय दोस्तों के साथ बिताए गए समय की तरह भी महसूस होती है। अमृता मेरे दिल में विशेष स्थान रखती है; हमारा रिश्ता बहनों जैसा है। वह हमेशा मुझे दुलार करती है। पारस बहुत प्यारा दोस्त है जिस पर मैं हमेशा भरोसा कर सकती हूं।

**दिल दियां गल्लां देखना न भूलें, हर सोमवार से**

# सीएमओ एवं नगर परिषद की पहल लाई रंग जाम मुक्त रहा रविवार का हाट बाजार

**सैकड़ों नागरिकों ने सीएमओ नगर परिषद अध्यक्ष एवं मंडी सचिव विधायक प्रतिनिधि की तारीफ कर किया आभार व्यक्त!**





**पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गत दिवस लगे रविवार के साप्ताहिक हाट बाजार में नगर परिषद प्रशासन एवं मंडी प्रशासन की तरफ से हाट को लेकर की गई व्यवस्थाओं से हजारों नागरिक संतुष्ट नजर आए! नागरिकों महिला पुरुषों ने दिल खोलकर नगर परिषद प्रशासन एवं मंडी प्रशासन की तारीफ पर हार्दिक आभार व्यक्त किया! विदित हो कि पिछले सप्ताह मंडी में आए दुकानदारों ने मंडी गेट पर ही दुकान लगा ली थी कुछ हाथ ठेले मनिहारी पेड़ पौधे बेचने वाले मंडी के मेन गेट पर दुकान लगाकर खड़े हो गए थे तथा मंडी में अनेक ट्रक भी उसी जगह खड़े हुए थे जिसकी वजह से मंडी गेट से लगाकर तोल कांटे तक भारी जाम के हालात बन गए थे तथा हजारों नागरिक घंटों जाम में फंसे होकर परेशान हुए थे! तब स्थानीय समाचार पत्रों ने मंडी गेट पर जाम के समाचार प्रकाशित कर मंडी में विधायक प्रतिनिधि कमल सक्सेनाने नगर परिषद प्रशासन और मंडी सचिव को इसकी जानकारी दी थी तथा आग्रह किया था कि अगले सप्ताह नगर परिषद से कर्मचारी भेज कर व्यवस्थित तरीके से दुकानदारों को जगह नियत की जाए वही मंडी सचिव से वहां पर खड़े दर्जनों ट्रकों को खाली जगह खड़े करने का आग्रह किया था! समाचार पत्र की खबरों तथा पत्रकारों तथा हिंदी में विधायक प्रतिनिधि कमल सक्सेना द्वारा नगर परिषद प्रशासन और मंडी प्रशासन से किए गए आग्रह पर तुरंत कार्रवाई हुई और परिणाम स्वरूप रविवार के हाट में कहीं भी अव्यवस्था दिखाई नहीं दी जिस पर हाट बाजार में आए हजारों नागरिकों ने मंडी प्रशासन एवं नगर परिषद प्रशासन सहित विधायक प्रतिनिधि की दिल खोलकर तारीफ की तथा व्यवस्था को लेकर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया!

## शिवमहापुराण कथा में आज निकलेगी अलौकिक शिव बारात

**महाकाल भक्त निवास में एवं कलाकारों द्वारा**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सावन और अधिक मास के अद्भुत संयोग में महाकाल भक्त निवास, भारत माता मंदिर परिसर में पंच दिवसीय शिव महापुराण के तृतीय दिवस में आज मंगलवार दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे माता सती चरित्र, माता पार्वती प्राकट्य एवं शिव पार्वती विवाह पर प्रवचन होंगे।

कथा में विशेष आकर्षण उज्जैन के कलाकार मंडली द्वारा शिव बारात एवं विवाह उत्सव की प्रस्तुति दी जाएगी। जबलपुर के अरविंद गुप्ता ने बताया कि महाकाल मंदिर के निकटस्थ कथास्थल मे महाशिवपुराण श्रवण करने का अलौकिक अनुभव भक्तों द्वारा लिया जा रहा है। सोमवार को भी कथा के दौरान बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए तथा शिव भजनों पर झूमते हुए भक्ति की।

# रामकथा में बताया विनम्रता का महत्व बाल विदुषी ने कहा-अहंकार एक रोग





**पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय मंडी परिसर में व्यापारियों हम्माल तुलावटी के संयुक्त आयोजन में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे एवं तीसरे दिन व्यासपीठ से बाल विदुषी अलकनंदा ने कहा कि वंदन करने से अभिनंदन बढ़ता है जितना वंदन करोगे उतना अभिनंदन बढ़ेगा घमंड आने पर ज्ञान नष्ट हो जाता है अहंकार मनुष्य के विनाश का कारण बनता है अहंकार से बड़ा कोई रोग नहीं है! बाल विदुषी ने जीवन का अर्थ समझाते हुए कहा कि जीवन का वास्तविक अर्थ सेवा है और सेवा का अर्थ संपदा है! उन्होंने रामायण मैं वर्णित चारों भाइयों का जीवन के प्रति उल्लेख करते हुए कहा कि लक्ष्मण में धर्म राम में मोक्ष और शत्रुघ्न में अर्थ तथा भारत में काम है काम का दूसरा मतलब प्रेम है! बाल विदुषी ने कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि कथा में काल थम जाता है और समय स्थिर हो जाता है सेवा करो तो कठिन से कठिन सेवा करो! राम का महत्त्व करोड़ों सागरों से भी गहरा है रामबाण जिसे लग जाए उसका बोल श्रीराम जैसा हो जाता है! कथा के चौथे दिवस सोमवार को राम जानकी विवाह का प्रसंग संपन्न हुआ जिस का बाल विदुषी के मुखारविंद से चित्रण सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए! श्री राम कथा के चौथे दिवस श्रद्धालुओं की अपार भीड़ मौजूद रही जिसमें महिलाओं की संख्या अधिकाधिक देखी गई! व्यापारी आनंद गोयल के अनुसार श्री राम कथा में दिनोंदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है तथा लोग बाल विदुषी पूज्यनीय अलकनंदा जी के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ ले रहे हैं!

**तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया ताजिया**

# कांग्रेस नेताओं ने किया मोहर्रम में शामिल मुस्लिम वरिष्ठ जनों का स्वागत



**पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के मुस्लिम समुदाय ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया! इस मौके पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया और पारंपरिक जुलूस निकाला मेन मार्केट में रात को ताजी रखे गए जिन्हें रविवार की शाम नेवज नदी में ठंडा किया गया! मोहर्रम में निकाले गए जुलूस में समाज के सभी वर्ग शामिल रहे! वहीं नगर में जगह-जगह अखाड़े के करतब दिखाए गए! मुख्य बाजार में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीताराम लहरी बनवारी मालवीय आनंद मेहता अमित बंसल आदि ने मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जन शरीफ लाला मुबारिक भाई सेफू पटेल करामत भाई आदि का साफा बांधकर और पुष्पा हार पहना कर सम्मान किया! जुलूस के दौरान पूरे मुख्य बाजार से लगाकर नदी तक पुलिस की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही! टी आई डीपी लोहिया ने स्वयं के निर्देशन में अपनी पुलिस टीम के साथ पूरे समय सतर्कता बरतते हुए जुलूस में व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी! जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज जन महिला पुरुष युवा उपस्थित रहे!

# खेत में करंट लगने से युवक की मौत परिजनों ने बिजली कंपनी पर लगाया लापरवाही का आरोप

**(शव को रोड़ पर रखकर फोरलेन पर किया चक्काजाम)**

**धार/ मनीष जैन /दैनिक मालवा हैराल्ड।** धार जिले में खेत पर बिजली कंपनी की लापरवाही से युवक की मौत हो गई। युवक खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वह 11 केवी इलेक्ट्रिक लाइन की चपेट में आ गया। घटना सरदारपुर क्षेत्र की है।



यहां के टंकीपुरा मोहल्ले के युवक मुकेश पिता दरियाव सिंह भाबर (25) की रविवार दोपहर में खेत में मौत हो गई। परिजन दीपक भाबर के अनुसार, खेत में 11 केवी विद्युत लाईन का एक पोल लगभग 20 दिन से गिरा हुआ था, जिसे सही करने के लिए कई बार विद्युत विभाग के कनिष्ठ अधिकारी अनिल अमोदे को सूचना दी गई। विद्युत विभाग के लाईन मेन विनोद चौहान द्वारा निरीक्षण भी किया गया, लेकिन पोल को ठीक नहीं किया गया, जिसकी वजह से मुकेश की मौत हो गई।

मुकेश की मौत की खबर के बाद परिजनों द्वारा विद्युत विभाग सरदारपुर के कनिष्ठ अधिकारी अनिल अमोदे को सूचना दी गई, लेकिन विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी-कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

**चक्काजाम किया**

आक्रोशित परिजनों और नगर के नागरिकों ने मृतक मुकेश का शव इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन स्थित फुलगांवड़ी चौकड़ी पर रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ वाहनों का बड़ा जाम लग गया।

चक्काजाम की सूचना मिलने पर सरदारपुर थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना और तहसीलदार दीपाली जाधव मौके पर पहुंचे। चक्का जाम के दौरान झाबुआ विधायक कांतिलाल भूरिया भी रूके और अधिकारियों और परिजनों से चर्चा की। क्षेत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल के मौके पर पहुंचने के बाद विधायक ने तहसीलदार दीपाली जाधव से पूरे मामले की जांच की मांग की। विधायक प्रताप ग्रेवाल, तहसीलदार दीपाली जाधव और थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना के आश्वासन के बाद परिजनों ने चक्काजाम समाप्त किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सरदारपुर ले जाया गया और विधायक प्रताप ग्रेवाल भी सिविल अस्पताल पहुंचे।

## छात्र संसद का गठन

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. बदनावर मार्ग बड़नगर पर सत्र 2023 24 के छात्र संसद का गठन चुनावी प्रक्रिया से किया गया। चुनाव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच प्रबंधन, कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता,दायित्व बोध, प्रतिभा विकास, विद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रम में रुचि एवं अपनत्व की भावना का विकास करना है तथा लोकतंत्र में चुनाव की प्रक्रिया को कैसे संपन्न कराई जाती है। छात्र संसद के चुनाव में सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसके पूर्व में कक्षा प्रतिनिधि हेतु कक्षा 6 से 12 तक प्रत्येक कक्षा से दो से तीन नामांकन पत्र दाखिल किये गये । समस्त विद्यार्थियों ने अपनी - अपनी कक्षा के कक्षा प्रतिनिधि पद हेतु चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशियों के लिए योग्य प्रतिनिधि के लिए अपना मतदान कर कक्षा प्रतिनिधि को चूना। तत्पश्चात चुने हुए कक्षा प्रतिनिधियों द्वारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया गया।निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में आचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा व बाबुलाल चांगेसिया की सराहनीय भूमिका रही। जबकि संरक्षक के रूप में संस्था प्राचार्य विष्णु श्रोत्रिय उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी संतोष खटोड़ द्वारा दी गई।




# मंदिर निर्माण यात्रा के मंगल प्रवेश पर भाजपा ने की अगवानी

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 100 करोड़ की लागत से सागर म.प्र. में संत शिरोमणि रविदास महाराज का मंदिर निर्माण होने जा रहा है, जिसका शिलान्यास 12 अगस्त 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जावेगा। इसी तारतम्य में संपूर्ण देश एवं प्रदेश में यात्रा निकाली जा रही है। मंदिर निर्माण हेतु सभी धार्मिक स्थलों की जल एवं मिट्टी एकत्रित की जा रही है जिसके अंतर्गत यात्रा का मंगल प्रवेश रत्तागढ खेडा से बड़नगर विधानसभा में हुआ। यात्रा की अगवानी भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला, पूर्व विधायक मुकेश पंड्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, श्रीमती अनिता सतीश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बड़नगर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजपालसिंह सिसोदिया, यात्रा प्रभारी गणपत डाबी, संजय शर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कुलदीप बना, नगर अध्यक्ष भाजपा श्याम शर्मा, एवं जिले के पदाधिकारी श्री तेज सिंह राठौर, जयप्रकाश त्रिवेदी, राजपाल सिंह राठौर, श्रीमती रेखा जी राठोड, पार्षद प्रतिनिधि शांतिलाल गोखरू, सतीश वर्मा, दिलीप जैन सहित अनेक कार्यकर्ताओं एवं शासकीय विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों ने की। तत्पश्चात् यात्रा रूनीजा, सुन्दराबाद, बालोदा, जस्सा खेडी, होते हुवे बड़नगर में नगर प्रवेश कर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई अनाज मंडी में पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई इस धर्मसभा में सर्वप्रथम कन्या पूजन एवं पादुका पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके पश्चात महामंडलेश्वर 1008 भगवानदास महाराज की उपस्थिति में यात्रा के प्रभारी एवं जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय एवं पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय द्वारा संबोधित किया गया एवं महामंडलेश्वर द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गणपत डाबी एवं आभार नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या द्वारा माना गया।



## श्री पाटीदार होंगे बुरहानपुर के नए पुलिस कप्तान



**धार /मनीष जैन/ देनिक मालवा हैराल्ड।** जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र पाटीदार का तबादला बुरहानपुर हो गया है नवीन पदस्थापना आदेश के अनुरूप श्री पाटीदार बुरहानपुर के नए पुलिस अधीक्षक होंगे

**आई पी एस अवॉर्ड से नवाजा- पूर्व मे राज्य शासन द्वारा श्री पाटीदार को आई पी एस अवॉर्ड से नवाजा गया था और उसी के चलते अब श्री पाटीदार की पदोन्नति की गई है।**

# राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता धार जिले ने हासिल किया प्रथम स्थान (पीथमपुर के खिलाड़ियों ने जीते कुल 21 पदक)

**धार/ मनीष जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** 11वीं राज्य स्तरीय दो दिवसीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में धार जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पीथमपुर के खिलाड़ियों ने जीते कुल 21 पदक, जिसमें 15 स्वर्ण, 5 रजत, 1 कास्य हासिल किए। वहीं प्रतियोगिता में कुल 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

जिसमें पीथमपुर (धार) पहले स्थान पर, खंडवा दूसरे स्थान पर, उज्जैन तीसरे स्थान पर रहा। संस्था स्व.श्री पुनाज़ी ठोसरे बहुउद्देशीय कल्याण समिती की ओर से संचालित श्री छात्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने एक बार फिर धार जिले का नाम किया रोशन।



दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के आठ जिलों ने भाग लिया। कठिन मुकाबलों में नन्हें खिलाड़ियों का हौसला देखते ही बनता था। विजेता बनने के बाद पीथमपुर पहुंचे खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। नगर पालिका वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महासचीव व धार कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह बुंदेला, चयन राठौर, महेश गर्ग, जितेंद्र पाटीदार, मितेश महाजन, डॉ. विजय चौधरी व निकिता पाठक ने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर मेडल पहना कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कुलदीप सिंह बुंदेला ने कहा कि छोटे-छोटे खिलाड़ियों के मेहनत व लगन का नतीजा है कि राज्य में धार जिला प्रथम आया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता जिला गौ संवर्धन समिति की बैठक

**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा की अध्यक्षता में जिला गौ संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई।




बैठक में बताया गया कि जिले की क्रियाशील गौशालाओं को आर्थिक सहायता राशि का वितरण, शासकीय गौशाला चारोलीपाड़ा के संचालन हेतु आवेदन, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल का पत्र ÷गौशाला परियोजना÷ के प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश के अनुसार ग्राम पंचायत अगर गौशाला का संचालन किसी संस्था के माध्यम से करना चाहे तो वह समन्वय समिति को सूचित करेगी । समन्वय समिति द्वारा संस्था की दक्षता एवं निष्ठां को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जायेगा ग्राम पंचायत को निम्न संस्थाओं के माध्यम से गौशाला संचालित करने की अनुमति समन्वय समिति द्वारा दी जा सकेगी ।

ग्राम पंचायत चारोलीपाड़ा में निर्मित मुख्यमंत्री गौशाला का संचालन वर्तमान में बंद हैं। अतः पुनः प्रारंभ करने के लिए ग्राम पंचायत चारोलीपाडा द्वारा गौशाला संचालन के लिए इच्छुक पंजीकृत स्वयं सेवी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये गए। विज्ञप्ति को जिले के विभिन्न मुख्य शासकीय कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा किया गया था विज्ञप्ति अनुसार पंजीकृत स्वयं सेवी संस्था श्रीकृष्ण गौसेवा सदन देवझिरी द्वारा गौशाला संचालन हेतु पंचायत को आवेदन प्रस्तुत किया गया । प्राप्त आवेदन के अनुसार संस्था को गौशाला संचालन की अनुमति देने हेतु जिला समन्वय समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हैं । अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

जिले की क्रियाशील गौशालाओं को आर्थिक सहायता राशि का वितरण - मध्यप्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड भोपाल का पत्र द्वारा जिले की अशासकीय स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश के चारा, भूसा एवं दाना क्रय करने हेतु माह अप्रैल, मई, जून 2023 के लिए 18.15 लाख (अठ्ठारह लाख पंद्रह हजार मात्र) राशि प्रदान की गई हैं।

विकासखण्ड मेघनगर में श्री वाल्मिकी गोशाला ग्राम चेनपूरा में 65 पशु, श्री बाबा दया जमनादास गोशाला समिति पिपलखुटा में 102 पशु, विकासखण्ड पेटलावद के जीवदया समिति रायपुरिया रोड कृषि उप मंडी के पास पेटलावद में 159 पशु, श्री संतशबरी गौशाला समिति ग्राम भमती में 34 पशु, श्रीराम मित्र महाराज निसाद गौशाला समिति छापरी (बनी) में 41पशु, श्री राज राजेंद्र गोपाल गौशाला सेवा समिति राणापुर में 243 पशु, श्री कृष्ण जीवात्मा गौशाला कोकावद मे 25 पशु एवं मारुति नंदन गौशाला सांवरिया कुटी अमरगढ़ रोड बामनिया में 328 पशु के लिए भूसा, दाना एवं पानी के क्रय हेतु प्रति पशु 15 रुपए भूसा एवं प्रति पशु 05 रुपए सुदाना की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कलेक्टर सुश्री हुड्डा द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेखा राठौर, पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ विलसन डावर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक मोरवाल द्वारा विधानसभा क्षेत्र में लगातार कार्यकर्ता सम्मेलन

बड़नगर। कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विधायक मुरली मोरवाल द्वारा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 100 से अधिक ग्रामों को जोड़ कर लगातार कार्यकर्ता सम्मेलन किये जा रहे है, इसी कड़ी में कांग्रेस का सातवां कार्यकर्ता सम्मेलन मण्डलम् व सेक्टर एवं बूथ कमेटी की बैठक ग्राम रसूलाबाद में सम्पन्न हुई । इस अवसर पर विधायक मुरली मोरवाल ने कि पिछले चुनाव में जो वादे कमलनाथ सरकार ने जनता से किये थे उन्हे पुरा करते हुए गौशाला का निर्माण कराया, किसानों का कर्ज माफ कराया, विद्युत बिल कम किये, वृद्धा पेंशन को बड़ा कर 600 रुपये किया और कन्या विवाह में 51 हजार रुपये की राशि की साथ ही किसानों का कर्ज भी माफ किया था और इस बार प्रदेशभर में महिलाओं को 1500 रुपये, 500 रुपये गैस टंकी, किसानों का 5 हॉर्स पावर का बिल माफ, बिजली का बकाया बिल माफ,किसानों का कर्ज माफ, किसान आंदोलनों के मुकदमे माफ, 12 घंटे किसानों को बिजली उपलब्ध होगी व कर्मचारी की पुरानी पेंशन बहाल का वचन भी कमलनाथ सरकार पूरा करेंगी। बैठक के दौरान ग्राम मौलाना, खेड़ामाधव, झलारिया, कजलाना, बिसाहेड़ा, रसुलाबाद, दांतरवा, ईटावा, सनावदा, नागझिरी, ग्राम के सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डलम् अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी व बुथ प्रभारी मौजूद थे जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं व संगठन को मजबूत बनाने के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर बात करते हुए कमलनाथ जी की नई योजनाओं के बारे में आम ग्रामीणों ने चर्चा करने के विषय में जोर दिया। सर्वप्रथम ग्रामीण जनों के पुष्पमाला से विधायक मुरली मोरवाल का स्वागत किया और उन्हे आगामी चुनाव है प्रचंड बहुमतों से विजय होने की बात करते हुए पूरा सहयोग देने व पूर्ण निष्ठा से कांग्रेस पार्टी को जिताने का विश्वास दिलाया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल पटेल, प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, इंगोरिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत उपाध्याय, खरसोद कला ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्रसिंह राठौर, विधायक प्रतिनिधि ठा. महेन्द्रसिंह राणावत, जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, सरपंच दिलीपसिंह मकवाना, पूर्व सरपंच इन्दरसिह डाबी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष युनुस पटेल, अखलाख शेख, मण्डलम अध्यक्ष हिरालाल पाटीदार सेक्टर प्रभारी, गयुर खा, हुकमचन्द हारोड़ वासिफ काजी, गोकुलसिंह बारोड़, सरदारसिंह बारोड़, पूर्व सरपंच जहुर खां, बलरामसिंह पंवार, विजय डोडिया, कान्हा डोडिया, बद्रीलाल वर्मा, दिनेश मकवाना, सत्यनारायण बारोड़, चॉद खा, अभिषेक पंवार, सरपंच भोलाराम चौहान, रामेश्वर बैरागी, गुड्डो बी, समन्दरसिंह पंवार, गोकुलसिंह पंवार, नाहरू खा, पंकज डोडिया, फतेहसिंह, आदि उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन राजकुमार नाहर ने किया उक्त जानकारी बद्रीलाल आचार्य ने दी।



# उमा- महेश स्वरूप में दिए भक्तों को दर्शन

## सवारी मार्ग पर उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़-सड़क से लेकर आसमान तक कड़ी चौकसी









### घोड़े पर सवार होकर एसपी कलेक्टर ने रखी नजर.....



सवारी मार्ग के दोनों और लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकालेश्वर की एक झलक पाने के लिए घंटो से जमे हुए थे । इधर पूरे सवारी मार्ग पर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे । कलैक्टर एवं एस पी सवारी में घोड़े पर सवार होकर निकले यहाँ एसपी चारो तरफ नजर जमाए हुए थे एस पी सचिन शर्मा ने बताया कि सुरक्षा के लिए पूरे सवारी मार्ग पर एक हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों और पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। पूरे मार्ग पर उच्च अधिकारी नजर रखे हुए थे।

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान महाकालेश्वर की चौथी सवारी 31 जुलाई को पूरे ठाठ बाट के साथ निकली। प्रशासन इसे लेकर पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया । सवारी अपने तय समय शाम 4 बजे शुरू हो गई थी। लाखों भक्त अपने आराध्य की एक झलक पाने के लिए 4 किलोमीटर लंबे सवारी मार्ग पर इंतजार कर रहे थे। सड़क पर पुलिस और आर ए एफ के जवान तथा आसमान में ड्रोन कैमरा से नजर रखी जा रही थी।

सावन महीने के चौथे सोमवार के चलते महाकाल मंदिर में सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा लगा हुआ था। 31 जुलाई को भगवान महाकाल की चौथी सवारी पूरे ठाठ बाट और लाव लश्कर के साथ निकाली गई। भगवान महाकाल की पालकी अपने तय समय शाम 4 बजे मंदिर परिसर से बाहर आई। इसके पहले कोटीतीर्थ कुंड के निकट जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने महाकालेश्वर की विशेष पूजा अर्चना की।





### उमा-महेश रूप में दर्शन हुए महाकालेश्वर के...

चौथी सवारी में भगवान महाकालेश्वर उमा-महेश स्वरूप में अपने भक्तों को दर्शन देने निकले। चांदी की पालकी में विराजित अपने आराध्य देव को देखने के लिए भक्त घंटों पहले से सड़कों पर आ जमे थे। सवारी में भगवान के चारों स्वरूप चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश स्वरूप, गरुड़ पर सवार भगवान शिव तांडव तथा नंदी रथ पर उमा महेश की प्रतिमा शोभायमान नजर आ रही थी।

### पुलिस जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर...

भगवान महाकाल को उज्जैन का राजा कहा जाता है, इसलिए शाम 4 बजे जैसे ही पालकी बाहर आई, पुलिस द्वारा भगवान महाकालेश्वर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सवारी अपने तय मार्ग गुदरी चौराहा, कहार वाड़ी से होते हुए रामघाट पहुंची। यहां भगवान महाकाल की विशेष पूजा और अर्चना की गई। यहां से सवारी दानी गेट, ढाबा रोड और गोपाल मंदिर होते हुए नियत समय पर मंदिर में पहुंची।

### 6 सवारियां और निकलना शेष है..

इस बार सावन का अधिक मास होने से भगवान महाकाल की कुल 10 सवारी का योग बना है। इनमें से तीन सवारी निकल चुकी है। इसके बाद अब भगवान महाकाल की सवारी-

**पांचवी सवारी- 7 अगस्त को**
**छठी सवारी- 14 अगस्त को**
**सातवीं सवारी- 21 अगस्त को**
**आठवीं सवारी- 28 अगस्त को**
**नौवीं सवारी- 4 सितंबर को**
**अंतिम शाही सवारी- 11 सितंबर को निकलेगी।**

### ड्रोन कैमरे और 1000 जवान....

भगवान महाकालेश्वर की चौथी सवारी में भी पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए। 1 दिन पहले शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों से फ्लैग मार्च निकाला गया था। वही सोमवार सुबह से ही महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र से लेकर 4 किलोमीटर लंबे पूरे सवारी मार्ग पर ड्रोन कैमरा के जरिए आसमान से निगरानी रखी जा रही थी। इनके द्वारा बहुमंजिला इमारतों के ऊपर हर गतिविधि पर पुलिस नजर बनाए हुए थी। सवारी मार्ग में भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तथा रैपिड एक्शन फोर्स के 1000 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया था। सवारी में पूरे समय आला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर और एसपी समेत अन्य अधिकारी सवारी के दौरान अधीनस्थों से लगातार फीडबैक ले रहे थे।

### धमकी के बाद और उमड़े भक्त...

शनिवार को वर्ग विशेष समुदाय के लोग तथा कांग्रेसी नेता एक महिला से बदसलूकी के मामले में आरोपियों के मकान तोड़े जाने की मांग कर रहे थे। इन्हीं के साथ आए मुस्लिम युवक शोएब ने पुलिस कंट्रोल रूम के सामने धमकी दी थी कि इस बार महाकाल की सवारी निकाल कर दिखाओ। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था और रविवार को वह जेल भी भेज दिया गया। इस धमकी के चलते महाकालेश्वर की चौथी सवारी में पिछले सवारी के मुकाबले कहीं ज्यादा भीड़ और उमड़ गई। लोग सवारी में शामिल होने के लिए रविवार से ही उज्जैन आने लग गए थे। दूरदराज के इलाकों से ग्रामीण भी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों लेकर उज्जैन आ गए थे। शहर के कई इलाकों से भी लोग समूह के रूप में भगवान महाकालेश्वर की सवारी में शामिल होने पहुंच गए थे। चौथी सवारी में इस बार 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी।

## इंदौर के कावड़ यात्री को लोडिंग पिकअप ने कुचला, मौत

### -तीन माह पहले हुई थी सगाई, चालक हिरासत में

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पवित्र नदी का जल भरकर कावड़ यात्री रविवार शाम बाबा महाकाल के मंदिर आ रहे थे। इंदौररोड पर यात्रा में शामिल कावड़ यात्री को पीछे से आई लोडिंग पिकअप ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल यात्री को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से हालत गं ीर होने पर साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां रात में घायल की मौत हो गई।

इंदौर के गौरीनगर से महेश प्रजापति द्वारा श्रावण मास में कावड़ यात्रा निकाली जाती है। रविवार को यात्रा में 40 से अधिक कावड़ यात्री पवित्र नदी को जल कावड़ में भरकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक करने आ रहे थे। इंदौररोड ग्राम रामवासा से गुजरते समय पीछे से तेजगति में आ रही लोडिंग ने यात्रा में शामिल विक्की पिता राजेश मालवीय 25 वर्ष को बुरी तरह कुचल दिया। चालक र तार पर संतुलन नहीं रख पाया था, जिसके चलते 2 से 3 यात्री बाल-बाल बच गये। चालक ने पिकअप छोड़कर भागने का प्रयास किया, जिसे घायल कावड़ यात्रियों ने पकड़ लिया और जमकर उसकी कुटाई कर दी। यात्रा में कावडियों का वाहन भी शामिल था, जिसके माध्यम से घायल विक्की और चालक को जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होना बताई। जिसे तत्काल साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां आईसीयू में उपचार के लिये भर्ती किया गया, लेकिन देर रात विक्की की मौत हो गई। साथी कावड़ यात्री रोहित मालवीय ने बताया कि विक्की त बाकू क पनी में क प्यूटर ऑपरेटर का काम करता है। तीन दिन पहले उसकी सगाई हुई थी, दिवाली बाद शादी होना है। मामले की जानकारी लगते ही नानाखेड़ा पुलिस रामवासा पहुंच गई थी। लोडिंग जब्त की गई है। कावड़ यात्रियों द्वारा पकड़े गये चालक ने बताया कि उसका नाम मयंक कोहरे निवासी अमर पैलेस इंदौर है। वह लोडिंग में नारियल पानी भरकर उज्जैन आ रहा था। जहां नारियल पानी की सप्लाय करना थी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। गौरतलब हो कि 20 जुलाई को इंदौररोड़ तपोभूमि के सामने औंकारेश्वर से कावड़ यात्रा लेकर आ रहे खड़वा के रहने वाले शिवा गोलकर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था। जिसका उपचार अब भी अस्पताल में जारी है।

## टायर खोलते समय ड्रायवर की मौत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। ट्रक कापंचर टायर खोलते समय स्टेपनी उछलने से गंभीर घायल हुए ड्रायवर की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को घटना से अवगत कराया था। दोपहर में उज्जैन पहुंचे परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव सुपुर्द किया गया है।**

उन्हेल थाने के आरक्षक हेमेन्द्रसिंह राजावत ने बताया कि रविवार सुबह बस स्टेंड के पास ट्रक पंचर हुआ टायर बदलने समय ड्रायवर किशोर पिता जुझारलाल दमामी 30 वर्ष निवासी सुरखेड़ सीतामऊ मंदसौर घायल हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। चालक ने बताया कि टायर पंचर होने के बाद वह बदलने के लिये जेक लगाकर खोल रहा था, उसी दौरान टायर की स्टेपनी टूटने के बाद उछ्ल गई और घायल हो गया। किशोर को पैर और सिर में गंभीर चोंट लगी थी, जिसे उन्हेल अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने रैफर कर दिया। दोपहर में जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई। आरक्षक राजावत के अनुसार ट्रक नागदा से उज्जैन की ओर जा रहा था। मामले में अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंचे थे। जिन्होने बताया कि किशोर की चार साल पहले शादी हुई थी। एक ढाई वर्षीय पुत्र और दूसरी छह माह की बेटी है। परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये सीतामऊ लेकर गये है।

## प्लेसमेंट ड्राईव में 70 युवा रोजगार से जुड़े

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 31 जुलाई को आयोजित किये गये एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राईव में 237 आवेदकों ने भाग लिया एवं 70 आवेदकों का प्रारम्भिक चयन कर लिया गया है। प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राईव में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजकों द्वारा सेल्स मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, मशीन वर्कर, ऑपरेटर, एडवाइजर, सुपरवाइजर आदि पदों के लिये साक्षात्कार किया गया था। प्लेसमेंट ड्राईव में रोजगार कार्यालय द्वारा 150 आवेदकों की काउंसलिंग कर उन्हें सीखो कमाओ योजना का परामर्श दिया गया।

## शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज महाविद्यालय में गुरु शिष्य परंपरा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें प्रमुख वक्ता डॉ.सुधा श्रीवास्तव ने गुरु की महत्ता एवं शिष्य के प्रकार एवं गुरुकुल परंपरा पर प्रकाश डाला । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने गुरु के प्रकार बताते हुए एक प्रसंग के माध्यम से गुरु शिष्य परंपरा पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य छात्राएं तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता जैन व मोनिका परमार मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केन्द्र द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 2 अगस्त को

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र उज्जैन द्वारा पंच प्रण (विकसित भारत, गुलामी से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिकों का कर्तव्य) की थीम पर 2 अगस्त को शासकीय माधव सांइस महाविद्यालय एवं कालिदास अकादमी उज्जैन में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत चित्रकला प्रतियोगिता(पंच प्रण के विषय पर), कविता लेखन (पंच प्रण के विषय पर), भाषण प्रतियोगिता (पंच प्रण के विषय पर), मोबाइल फोटोग्राफी कार्यशाला(विषय तत्काल सुचित किया जायेगा) एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य परंपरागत लोक शैली पर आधारित रहेंगे। उज्जैन जिले से युवा उत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक युवा उज्जैन जिले के मूल निवासी होने चाहिए, युवा /युवती की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए (1 अप्रैल 2022 को)। जिला स्तर पर हर विधा से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को चयनित कर उन्हें प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि दी जाएगी। जिले से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## नेत्र संक्रमण की रोकथाम हेतु जनजागरूकता

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दीपक पिप्पल ने बताया कि वर्तमान माह में नेत्र संक्रमण (Conjunetivitis), Eye Flu तेजी से आमजन में फैल रहा है। इसकी रोकथाम व जनजागरूकता हेतु आमजन को सुझाव दिये जाते हैं।अपनी आंखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोयें। संक्रमित व्यक्ति अपना टॉवेल, तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुएं घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्वीमिंग पूल, तालाबों के प्रयोग से बचें। कांटेक्स लेंस पहनना बंद करें और अपने नेत्र चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही फिर इसे शुरू करें। ऑखों के सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें। साफ हाथों से अपनी आंखो के आस-पास किसी भी तरह के स्त्राव को दिन में कई बार गीले कपड़े से धोंये व उपयोग किये कपड़े को गर्म पानी से धो लें। यदि ऑखों में लालिमा हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें।

## 1 अगस्त को मौनी बाबा आश्रम से प्रातः 9 बजे मौनी बाबा आश्रम से सन्त शिरोमणि रविदास जन-जागरण शोभायात्रा रवाना होगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सन्त शिरोमणि रविदास जन-जागरण यात्रा आज शाम को उज्जैन शहर में प्रवेश कर गई है। आज दिन में यात्रा नागदा के रूपेटा से होकर महिदपुर आई। रूपेटा में महिदपुर विधायक श्री बहादुर सिंह चौहान ने जनसंवाद में भाग लिया। इसमें बड़ी संख्या में जनसमूह मौजूद था। ग्राम डेलची बुजुर्ग, बंजारी फंटा, रूद्रखेड़ा, महिदपुर में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में ग्राम रूपेटा एवं डेलची बुजुर्ग में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर बैंड बाजे के साथ यात्रा निकाली। नदियों का जल संग्रहित किया गया एवं मिट्टी संग्रहण कार्य भी जारी है। जनसंवाद कार्यक्रम में भजन मण्डली द्वारा सन्त रविदासजी के भजन प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में विधायक श्री बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि सन्त शिरोमणि के सन्देश सदैव सामाजिक समरसता एवं समाज के एकीकरण के लिये उपयोगी सिद्ध हुए हैं।

सन्त रविदास जन-जागरण यात्रा में लगभग 100 व्यक्ति यात्रा के साथ चल रहे हैं। यात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामों से मिट्टी संग्रहण किया जा रहा है व प्रत्येक तहसील की नदियों का जल संग्रहित कर एकत्रित किया जा रहा है। यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम वाले स्थानों पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जनअभियान परिषद के श्री सचिन शिंपी ने बताया कि सन्त शिरोमणि श्री रविदास मन्दिर निर्माण हेतु मिट्टी एवं जल का संग्रहण एवं जन-जागरण 19 दिवसीय अभियान 25 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है, जो 12 अगस्त तक चलाया जायेगा। सन्त शिरोमणि रविदास जन-जागरण यात्रा के दौरान एक अगस्त को मौनी बाबा आश्रम से प्रातः 9 बजे शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकलेगी एवं खाकचौक पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद शोभायात्रा पीपली नाका, टॉवर, शहीद पार्क होते हुए मक्सी रोड के पंवासा रघुकुल गार्डन पहुंचेगी। यहां भी जनसंवाद के बाद यात्रा तराना तहसील के लिये रवाना होगी।

## वर्षा ऋतु में पुलों की मरम्मत हेतु आम जनता को सूचना देने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग उज्जैन के कार्यपालन यंत्री श्री एसके अग्रवाल ने बताया कि वर्षा ऋतु में पुलों की मरम्मत हेतु आम जनता द्वारा शिकायत एवं सूचना देने के लिये उज्जैन संभाग के विभिन्न उप संभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। सेतु उप संभाग उज्जैन के समस्त कार्यों के लिये उप यंत्री श्री महेश शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नम्बर 9425439777 है। उज्जैन संभाग के समस्त जिलों के लिये नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी श्री आरके कटारिया को नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नम्बर 9425093682 है।

## लायन्स अन्तरराष्ट्रीय की रीजन ऑफिसर्स मीट में 20 क्लब के पदाधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

**नागद/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के रीजन ब्लू के रीजन चेयरपर्सन लायन अजय गरवाल के नेतृत्व में रविवार को सूरज स्नेह भवन नागदा के लायन्स हॉल में ऑफिसर्स मीट 'स्नेह' का आयोजन किया गया। ऑफिसर्स मीट में रीजन ब्लू के चार झोन के उज्जैन, खाचरौद, नागदा, महिदपुर, आगर सहित 20 से क्लबों के पदाधिकारियों ने शिरकत की।

लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लायन अजय पोरवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लायन पी.एस. बग्गा, एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में एमजेएफ लायन राजेश सुखरमानी, एमजेएफ लायन सुयश कुलश्रेष्ठ, एजजेएफ लायन रविन्द्र कौर बग्गा, एमजेएफ लायन संजय सक्सेना एवं एमजेएफ लायन पंकज मारू उपस्तिथ थे 7 कार्यक्रम में विशेष रूप से झोन चेयरपर्सन लायन नरेन्द्र राठी, लायन आर.एम. शुक्ला, लायन पंकज खण्डेलवाल उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर सवाल-जवाब कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।



सदन द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन एवं रीजन की गतिविधियों की जानकारी रीजन चेयरपर्सन लायन अजय गरवाल द्वारा दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा अजय पोरवाल , सलीम खान, आशा जवेरिया, जया राठी, कमल पोरवाल, राकेश डाबी, प्रियंका अग्रवाल एवं राजेश इन्द्र को पिन लगाकर सम्मानित किया गया। स्नेह के कार्यो से प्रभावित होकर लायन पंकज खण्डेलवाल एवं एमजेएफ लायन सुयश कुलश्रेष्ठ द्वारा 5100-5100 रूपये की राशि भेंट की गई। रीजन चेयरपर्सन गरवाल ने अतिथियों को स्नेह के बच्चों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन लायन विनयराज शर्मा ने किया।

यह थे उपस्थित-

इस अवसर पर गोविन्दलाल मोहता, एमजेएफ ओम सोलंकी, झमक राठी, सतीश बजाज, राजेश मोहता, अशोक बिसानी, गुलजारीलाल त्रिवेदी, हरीश तिवारी, प्रमोद जैन, मनीष गुप्ता, एनके मिश्रा, विरेन्द्र मालपानी, कैलाश डागा, शैलेश सोनी, प्रिंस कुशवाह, मुकुल सक्सेना, अशोक जैन, जितेन्द्र जैन, दिनेश प्रजापत, विजय तिवारी, राजेन्द्र गिल, प्रदीपसिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, लायन निगम, अजय जसोरिया, निर्मल जैन, सुशील मोदी, मनोहरलाल शर्मा, तेजपाल जवेरिया, कमलेश नागदा, लियो वरूण भाटिया, आयुश कोलन, आशय पोरवाल, विप्लव चौहान, आयुश जैन, अनुज कांठेड, चंदन कुमार सिंह शर्मा, गुडिया शर्मा, दिनेश दसलानिया, जिवेन्द्र प्रसाद, श्रीमती सुषमा कुलश्रेष्ठ, सीमा गरवाल, लेखा पोरवाल, तरूणा मारू, दीपमाला शर्मा, किरण बजाज, सोनू मारू आदि उपस्थित थे।

## 1 अगस्त को सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण अब विक्रम विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती हॉल में होगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजय कुमार हिंगे ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिये सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण एक अगस्त को दोपहर एक बजे से विक्रम विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती हॉल में आयोजित किया जायेगा। पूर्व में यह प्रशिक्षण विक्रम कीर्ति मन्दिर में होना था। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर आफिसर को 20 सेट ईवीएम पर हैंड्सऑन कराये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )